सुविचार

अगर आप सही दिशा में है तो चिंता मत कीजिए बल्कि उस दिशा में चलते रहे ऐसा करने से अवश्य ही आप अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे।

साप्ताहिक युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 8, अंक-24 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 21 जुलाई 2023 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

# शपथ पत्र(Affidavit), क्या है न्यायिक और गैर न्यायिक शपथ पत्र क्या होते हैं जानिए/CPC.....

शपथ पत्र शपथपूर्वक कहा गया एक लिखित कथन है जो कथन करने वाले की जानकारी सही है या किसी अन्य से मिली जानकारी को सही मानता है इसे लिखित वचन भी कह सकते हैं।



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**शपथ पत्र दो स्तर पर होते हैं-**

1. न्यायिक प्रक्रिया में- न्यायिक प्रक्रिया में लगने वाला शपथ पत्र 10 रुपये के स्टाम्प पर लिखा होना चाहिए एवं जिला न्यायलय इस उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त कोई शपथ आयुक्त द्वारा सत्यापित होना चाहिए।


2. गैर न्यायिक प्रक्रिया- गैर न्यायिक प्रक्रिया में लगने वाला शपथ पत्र किसी भी शपथ पत्र नोटरी द्वारा सत्यापित होना चाहिए इन की नियुक्ति राज्य सरकार या राज्यपाल के द्वारा होती है।

**नोट- मध्यप्रदेश राजपत्र क्रमांक FB-4-29-2014 संशोधन अधिसूचना 2 जनवरी 2015-**

भारतीय स्टाम्प अधिनियम,1899 की धारा 9 की उपधारा (1) का खंड (क) राज्य सरकार को यह शक्ति के अनुसार अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लोगों को किसी भी न्यायालय में पीठासीन अधिकारी एवं न्यायाधीश के फाइल किये जाने वाले शपथ पर स्टाम्प शुल्क माफ करती है।

# सिविल मामलों में न्यायालय उधार लिए पैसों का ब्याज किस प्रकार दिलवाएगा जानिए महत्वपूर्ण जानकारी/CPC......

जब कोई बैंक लोन देती है या किसी निजी व्यक्ति द्वारा या निजी समूह द्वारा पैसे उधार लिए जाते हैं तब ऐसे में लेनदार से पैसों का ब्याज तक देने का अग्रीमेंट(करार) किया जाता है यदि कोई व्यक्ति उधार लिए पैसों को नहीं चूकता है और पैसों को लेनदार व्यक्ति (बैक, निजी संस्था आदि) देनदार (उधार लेने वाले)व्यक्ति के खिलाफ न्यायालय में वाद दायर कर देता है तब न्यायालय मूलधन के साथ वादी (शिकायतकर्ता) को ब्याज तक के पैसे अदा करने का आदेश देगा जानिए।



- कानूनी जानकारी लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान मोबाईल 7999293638

**सिविल प्रक्रिया संहिता,1908 की धारा 34 की उपधारा 01 की परिभाषा(सरल एवं संक्षिप्त रूप में)?**

सिविल न्यायालय पक्षकार को तीन प्रकार से ब्याज देने का प्रावधान करता है अभी हम उपधारा 01 का 01 वर्णन कर रहे हैं जानिए-

**1. किसी मामले को लगाने से पहले तक का ब्याज** - न्यायालय यह अभिनिर्धारित कर सकता है की पक्षकार(प्रतिवादी) लिए पैसों का ब्याज उसी विधि के अनुसार देगा जो उसने उधार पैसे लेते हुए संविदा, करार की थी अर्थात किसी बैंक द्वारा उसे 17त्र ब्याज दर से पैसे उधार दिए हैं तो यह 17त्र ब्याज के अनुसार ही पैसों का भुगतान करेगा। परन्तु जहाँ कोई करार परक्राम्य लिखित अधिनियम,1881 की धारा 80 के अंतर्गत वचन पत्र या विनियम पत्र में पैसों के ब्याज का करार नहीं किया है तब न्यायालय 6? वार्षिक ब्याज की दर अभिनिर्धारित कर सकता है,इससे अधिक नहीं।

**नोट-** तेजलपट्टी टी. प्रा. लि. बनाम ईस्टर्न टी. ब्रोकर्स लि. मामले में गुवाहाटी उच्च न्यायालय द्वारा अभिनिर्धारित किया है कि कृषि उत्पादन के लिए लिये गये लोन पर किसी भी प्रकार का चक्रवर्ती ब्याज नहीं लिया जा सकता है।

## मैं बहनों का भाई, बच्चों का मामा, बुजुर्गों का बेटा हूँ

# नागदा को बनाया जायेगा जिला

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मालवा सहित प्रदेश के हर क्षेत्र का तेज गति से विकास किया जा रहा है। साथ ही मुख्यमंत्री श्री चौहान की घोषणाएँ नागदा को जिला बनाया जायेगा। उन्हेल बनेगी तहसील, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खुलेगा। नागदा, खाचरोद, आलोट में खोले जायेंगे सीएम राईज स्कूल। नागदा कन्या महाविद्यालय में कामर्स कक्षाएँ शुरू होंगी। नागदा में पहुँचेगा नर्मदा का पानी। निरंतर जन-कल्याण के कार्य किये जा रहे हैं। प्रदेश में सड़क, बिजली, पानी, सिंचाई जैसी बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ किया गया है। विकास पर्व में प्रदेश के सभी क्षेत्रों में बड़ी संख्या में विकास कार्यों का लोकार्पण/शिलान्यास किया जा रहा है। नागदा क्षेत्र की बहु-प्रतीक्षित माँग पूरी करते हुए इसे जिला बनाया जायेगा और इसके लिये तत्परता से कार्यवाही होगी। उज्जैन जिले की जो तहसीलें नागदा में स्वेच्छा से मिलना चाहें, उन्हें ही नागदा में सम्मिलित किया जायेगा। उन्हेल को तहसील बनाया जायेगा और यहाँ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खोला जायेगा। नर्मदा का पानी क्षिप्रा के साथ ही गंभीर और कालीसिंध नदियों में पहुँचाया जायेगा। पूरी मालवा भूमि को हरा-भरा बनाया जायेगा। नर्मदा नदी का पानी नागदा भी पहुँचाया जाएगा। आज यहाँ नागदा की जनता द्वारा दिए गए प्यार और आशीर्वाद को मैं कभी नहीं भूलूंगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज नागदा में विकास पर्व के दौरान विशाल जन-समुदाय को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कुल 261 करोड़ 14 लाख रूपये के विकास कार्यों का भूमि-पूजन/लोकार्पण किया। इनमें 92 करोड़ 61 लाख रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और 168 करोड़ 53 लाख रूपये के विकास कार्यों का भूमि-पूजन शामिल है। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। प्रारंभ में कन्याओं का पूजन किया गया।

- उन्हेल बनेगी तहसील, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खुलेगा
- नागदा, खाचरोद, आलोट में खोले जायेंगे सीएम राईज स्कूल
- नागदा की जनता द्वारा दिये गये प्यार और आशीर्वाद को मैं नहीं भूलूंगा
- लाड़ली बहना योजना में दी जाने वाली राशि बहनों का आत्म-सम्मान
- पहले की सरकार ने बंद कर दी थी जन-कल्याण योजनाएँ
- प्रदेश में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ बनाया गया



### मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जन-समुदाय से कहा

कि मैं बहनों का भाई, बच्चों का मामा और बुजुर्गों का बेटा हूँ। मैं मुख्यमंत्री और आप जनता नहीं है। मैं आपके परिवार का सदस्य हूँ और मुझे हमेशा आपकी चिंता रहती है। प्रदेश में बहनों की जिंदगी बदलने का अभियान चल रहा है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में बहनों को दी जाने वाली राशि वस्तुत- पैसे नहीं, उनका आत्म-सम्मान है, उनका अधिकार है।

### 10 हजार रूपये प्रतिमाह किये जाने के लिये कार्य किया जा रहा

आजीविका मिशन द्वारा हर बहन की आमदनी कम से कम 10 हजार रूपये प्रतिमाह किये जाने के लिये कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पहले की सरकार ने जन-कल्याण की बहुत सारी योजनाएँ बंद कर दीं। विशेष पिछड़ी जनजातियों का पोषण-आहार भत्ता, संबल योजना, मेधावी बच्चों को लेपटॉप प्रदाय, बुजुर्गों की तीर्थ-दर्शन योजना, किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर फसल ॠण आदि बंद कर दिये गये। हमारी सरकार ने इन सारी योजनाओं को पुन- प्रारंभ किया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में सड़क, पानी, बिजली, सिंचाई जैसी बुनियादी सेवाओं को सुदृढ़ बनाया जा रहा है।

## स्कूल चलें हम अभियान

# कलेक्टर नर्मदापुरम श्री नीरज कुमार सिंह ने बच्चों को पढ़ाया कविता पाठ

**नर्मदापुरम।** पूरे प्रदेश के साथ ही नर्मदापुरम जिले में भी स्कूल चलें हम अभियान का शुभारंभ 17 जुलाई को हुआ। सभी जिला अधिकारियों ने स्कूलों में जाकर बच्चों को पढ़ाया और उन्हें जीवन में शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया। कलेक्टर नर्मदापुरम श्री नीरज कुमार सिंह भी स्कूल चलें हम अभियान के शुभारंभ के अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नर्मदापुरम पहुंचे।



उन्होंने स्कूल में कक्षा 11वीं एवं 12 वीं के बच्चों को रोचक ढंग से राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कविता कुरुक्षेत्र का पाठ कराया। कविता पाठ से पूर्व कलेक्टर श्री सिंह ने बच्चों को बताया कि साहित्य हमारे जीवन को दिशा देने में बहुत उपयोगी है।

## वीडियों कॉन्फ्रेंस आयोजित

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु वीडियों कॉन्फ्रेंस ली गई

**झाबुआ।** विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु टर्न आउट इम्प्लीमेंटेशन प्रोग्राम स्टेट लेवल नोडल ऑफिसर एवं अन्य स्वीप से संबधित गतिविधियों का सुचारू रूप से संचालन किये जाने हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा वीडियों कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई । टर्न आउट इम्प्लीमेंन्टेशन प्रोग्राम स्टेट लेवल नोडल ऑफिसर एवं अन्य स्वीप से संबंधित गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालन संबंधित निर्देश दिये गए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री एस.एस. मुजाल्दा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अंकिता प्रजापति, दिव्यांग पुनर्वास केंद्र श्री शेलेन्द्र सिंह राठौर एवं कार्यालय वन मंडलाधिकारी श्री प्रदीप कछावा उपस्थित रहे।



# शासन की योजनाओं का लक्ष्य वंचितों का उत्थान : राज्यपाल

## राज्यपाल द्वारा वन और पशुपालन विभाग की समीक्षा

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने वन और पशुपालन विभाग की विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की। राजभवन के सांदीपनि सभागार के सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में वनमंत्री श्री कुवंर विजय शाह, जनजातीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्री दीपक खांडेकर, अपर मुख्य सचिव श्री जे.एन. कंसोटिया, अपर मुख्य सचिव श्री मलय श्रीवास्तव, राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री डी.पी. आहूजा, जनजातीय प्रकोष्ठ के सदस्य सचिव श्री बी.एस. जामोद एवं सम्बंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि शासन की योजनाएं वंचितों के उत्थान के लक्ष्य से बनाई जाती हैं। उनका क्रियान्वयन इसी मंशा के साथ किया जाना चाहिए। लक्षित समुदाय और क्षेत्र के सबसे वंचित और गरीब परिवार को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। अधिकारियों को योजना के लक्ष्यों की पूर्ति के कार्य इसी भाव और भावना के साथ करने चाहिए। कार्य की मानीटरिंग का भी यही आधार होना चाहिए। वंचित की मदद से प्राप्त होने वाला आनंद और आत्मसंतुष्टि का अनुभव आलौकिक अनुभूति देता है।



### 268 ग्राम सभाओं ने 7 करोड़ से अधिक तेंदूपत्ते का विक्रय किया

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि पेसा नियम के तहत ग्राम सभाओं को मिले अधिकारों का सफल उपयोग करने की जानकारियों का व्यापक स्तर पर अन्य ग्राम सभाओं में प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए। अधिकारों के उपयोग से होने वाले लाभों के बारे में बताया जाना चाहिए, ताकि अन्य ग्राम सभाएं भी पेसा कानून के तहत प्राप्त अधिकारों के उपयोग के लिए प्रेरित हों।

### मुख्यमंत्री दुधारू पशुयोजना में 742 परिवार लाभान्वित

राज्यपाल ने मुख्यमंत्री दुधारू पशु योजना में वितरित दुधारू पशुओं की उत्पादकता की जानकारी प्राप्त की। उनको बताया गया कि प्रतिदिन 10 से 12 लीटर दूध देने वाले मवेशी पशुपालकों को उपलब्ध कराए गये हैं। विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, सहरिया एवं भारिया की सतत् अजीविका के लिए मुख्यमंत्री दुधारू पशु योजना का प्रदेश के 14 जिलों में क्रियान्वयन किया जा रहा है।

# OMG2 कि रिलीज़ डेट टल सकती है रिव्यु कमेटी करेगी फिल्म के दृश्यों की जांच




**भोपाल** रिलीज से पहले अक्षय कुमार की फिल्म पर गिरी गाज अब रिव्यु कमेटी करेगी OMG2 के दृश्यों की जांच । एक्टर अक्षय कुमार स्टारर ओएमजी 2 जल्दी ही बड़े पर्दे पर आने वाली हैं। लेकिन जैसे ही फिल्म का टीजर रिलीज हुआ है फिल्म विवादों में आ गई है। अब रिव्यु कमेटी OMG2 की जांच सर्टिफिकेशन प्रक्रिया से करेगी। OMG2 अक्षय कुमार में जल्द ही बड़े पर्दे पर दिखाई देने वाले हैं। फिल्म का टीजर वीडियो रिलीज हो चुका है, फिल्म में अक्षय कुमार के लुक से लेकर पंकज त्रिपाठी की एक्टिंग तक ने लोगों का खूब ध्यान खींचा है इसके साथ ही OMG2 के टीजर को जब लोगों ने देखा तो कुछ ऐसी चीजें भी देखने को मिलीं है जिसके बाद से ही मूवी विवादों में घिर गई है। अक्षय कुमार की OMG2 को लेकर सेंसर बोर्ड भी सतर्क हो गया है। पहले फिल्म को लेकर चर्चा थी कि इसकी रिलीज डेट टल सकती है। और अब खबर है कि पहले रिव्यु कमेटी फिल्म को देखेगी इसके बाद ही फिल्म को सर्टिफिकेट देने की प्रक्रिया होगी। अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म OMG2 में धर्म पर आधारित है। ऐसे में सीबीएफसी ने फैसला किया है कि अगर फिल्म में धर्म और ईश्वर से जुड़े तत्व हैं तो उसे सबसे पहले रिव्यु कमेटी को भेजा जाएगा। सेंसर बोर्ड ने यह फैसला आदिपुरुष की रिलीज के बाद हुए बवाल के बाद किया है। प्रभास और कृति सेनन की फिल्म आदिपुरुष में कई सीन और डायलॉग ऐसे थे, जिसने लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई थी ।रिलीज के बाद फिल्म के कई दृश्य काटे गए थे। ऐसे में सेंसर बोर्ड ने आदिपुरुष संग हुई घटना से सबक लेते हुए फिल्म को पहले रिव्यु कमेटी को दिखाया जायेगा OMG2 की कहानी अक्षय कुमार की OMG' फिल्म साल 2012 में आई फिल्म का सीक्वल है। कलाकारों के बदलाव के साथ इस बार फिल्म में परेश रावल की जगह पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, OMG2 भारतीय समाज में मौजूद शिक्षा व्यवस्था पर आधारित है। जहां OMG में परेश रावल को एक नास्तिक के रूप में दिखाया गया था तो वहीं OMG2 में परेश रावल आस्तिक के तौर पर नजर आएंगे। वहीं जहां अक्षय कुमार ने OMG में भगवान कृष्ण का रोल अदा किया था तो वहीं इस बार वह भगवान शिव के तौर पर दिखाई देंगे। अक्षय कुमार की यह मूवी 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज़ हो सकती है।

# शासकीय स्कूलों में तीन साल बाद बच्चों को मिलेगी यूनिफार्म, सात दिन में पहुंचेंगी ड्रेस



**इंदौर।** तीन साल से यूनिफार्म का इंतजार कर रहे विद्यार्थियों को जल्द ही स्कूली ड्रेस दी जाएगी। राज्य शिक्षा केंद्र की तरफ से यूनिफार्म वितरित करने के स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं। मगर अधिकांश स्कूलों के पास बजट नहीं पहुंचा है। जिन स्कूलों के खातों में राशि आई है, वह सहायता समूह के माध्यम से पहली से आठवीं के विद्यार्थियों के लिए ड्रेस बना रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक, 15 अगस्त तक विद्यार्थियों को यूनिफार्म वितरित की जाएगी। जुलाई से नया शिक्षा सत्र शुरू हो चुका है। यूनिफार्म नहीं मिलने से विद्यार्थी रंग-बिरंगे कपड़ों में स्कूल आ रहे हैं। जिले में 1300 प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में करीब एक लाख से अधिक बच्चे पढ़ रहे हैं। स्कूलों में पढ़ने वाले प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों को तीन साल से यूनिफार्म नहीं मिली है। वर्ष 2019 से पहली से चौथी, छठी से सातवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को यूनिफार्म दी गई थी। 2021-2022 में सिर्फ पांचवीं और आठवीं के विद्यार्थियों को यूनिफार्म खरीदने के लिए 600 रुपये उनके खातों में जमा किए गए थे, इससे दो-दो यूनिफार्म बनवाना थी ,लेकिन अन्य कक्षाओं के विद्यार्थियों को कोई राशि नहीं मिली है। इस बीच कोरोना की वजह से स्कूल बंद थी।

### ये है प्रक्रिया

नियमानुसार यूनिफार्म के लिए राज्य शिक्षा केंद्र की ओर से राशि मिलती है। फिर स्व सहायता समूह के माध्यम से यूनिफार्म बनवाई जाती है। उसके बाद प्रत्येक स्कूल अपने स्तर पर इन्हें वितरित होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत और शहरी क्षेत्र में नगर निगम के खातों में केंद्र से बजट मिलता है।

### नहीं मिला है बजट


आदर्श शिक्षक संघ के अध्यक्ष भगवतीप्रसाद पंडित ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आने वाले स्कूलों में यूनिफार्म वितरित करने का काम शुरू हो चुका है। यहां तक कि शहरी क्षेत्र के स्कूलों के पास बजट आना बाकी है।

### बांट रहे यूनिफार्म

आजीविका मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्र में यूनिफार्म बांटने का काम चल रहा है। शहरी क्षेत्र में आने वाले स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को अगले कुछ दिनों में यूनिफार्म देंगे। जिस संस्था को यह ठेका दिया गया है। वह स्कूलों में जाकर यूनिफार्म पहुंचाने का काम कर रही है। लगभग एक सप्ताह में सभी स्कूलों में यूनिफार्म पहुंच जाएगी।

# स्वस्थ शरीर के लिए रखें थायराइड को संतुलित

**इंदौर।** जिंदगी की भागदौड़ में कई बार सेहत को नजरअंदाज कर दिया जाता है। इसके चलते उच्च रक्तचाप, मधुमेह जैसी गंभीर बीमारियां शरीर को जकड़ लेती हैं। थायराइड भी ऐसी ही एक समस्या है, जिसकी चपेट में इन दिनों बच्चे भी आ रहे हैं। हमारे मेटाबालिक सिस्टम को सही बनाए रखने में भी थायराइड ग्लैंड की बड़ी भूमिका होती है। अगर यह ग्लैंड बहुत अधिक



काम या बहुत अधिक धीमे काम करे, तो शरीर में कई समस्याएं हो जाती हैं। डायबिटोलाजिस्ट एवं एंडोक्राइनोलाजिस्ट डा. तन्मय भराणी के अनुसार, थायराइड के शुरुआती लक्षणों को पहचान कर उपचार शुरू कर दिया जाए, तो इससे बचाव आसान हो जाता है। थायराइड की समस्या होने पर अक्सर नींद की कमी होने लगती है, थकान हावी रहने लगती है और चिड़चिड़ाहट बढ़ जाती है। लंबे समय तक ये स्थितियां बनी रहें तो स्थिति डिप्रेशन तक पहुंच सकती है। पेट ठीक से साफ न होना, कब्ज होना, गैस अधिक बनना, पेट फूलना, चेहरे और आंखों पर सूजन होना, धड़कनों की असामान्यता आदि थायराइड के लक्षण हो सकते हैं। यदि ऐसे कोई लक्षण नजर आते हैं, तो विशेषज्ञों की सलाह से उपचार लेना चाहिए। थायराइड के संबंध में अधिकांश लोगों को लगता है कि अगर किसी व्यक्ति का वजन बढ़ रहा है, तो यह थायराइड से पीड़ित है। किंतु ऐसा सभी केस में नहीं होता। थायराइड से पीड़ित व्यक्ति का वजन तेजी से घट भी सकता है। इससे बचाव के लिए पौष्टिक आहार का सेवन व नियमित व्यायाम करना चाहिए।

# सामुदायिक पुलिसिंग में 'आशा अभियान' के अंतर्गत मानसिक रूप से परित्यक्त महिलाओं के संरक्षण हेतु दिया गया विशेष पुरस्कार

**भोपाल से देवेन्द्र कुमार जैन की रिपोर्ट**




**भोपाल।** पुलिस कमिशनरेट द्वारा आशा अभियान के अंतर्गत मानसिक रूप से रोगी ऐसी महिलायें जो परित्यक्त है तथा फुटपाथ पर निवास कर रही है उनके संरक्षण हेतु एक विशेष योजना बनाई गई है जिसके अंतर्गत उन्हें संरक्षण व संबल प्रदान कर उन्हे मानसिक चिकित्सालय से ईलाज की सुविधा तथा उन्हे मानसिक रोग संस्थान में उनके पुनर्वास के लिए प्रयास किया जा रहा है। इसमे पुलिस समाजसेवी संस्थाओ के साथ मिलकर योजना का क्रियान्वन कर रही है। उल्लेखनीय है इस योजना के अंतर्गत विगत 10 महीनों मे विशेष प्रयास किये गये तथा 40 ऐसी महिलाओं को जो मानसिक रूप से रोगी है तथा जिन्हे सहायता की आवश्यकता है उनका संरक्षण कर सहायता प्रदान की गई है। इसमें आनंद संस्थान के मोहन सोनी तथा अन्य सदस्यों ने विशेष योगदान दिया, जिन्हे आशा अभियान में सम्मान प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त थाना कोहेफिजा के अंतर्गत 16 ऐसी महिलाओं को संरक्षण प्रदान किया गया जिसमें थाना प्रभारी कोहेफिजा को भी पुरस्कृत किया गया। साथ ही थाना प्रभारी शाहजहांनाबाद को भी पुरस्कृत किया गया। योजना के अंतर्गत लगातार सम्पूर्ण शहर में अभियान चलाकर यह प्रयास किया जा रहा है कि कोई भी महिला मानसिक रूप से रोगग्रस्त होते हुए परित्यक्त अवस्था मे फूटपाथ पर न रहे ताकि उसका संरक्षण हो सके तथा उसे संबल प्रदान किया जा सके।

# चिरमिरी वासियों को पट्टा देने की रुकी कार्यवाही को आगे बढ़ाया जाय - डोमरू रेड्डी

**उमेश तिवारी कोरिया एमसीबी**

**चिरमिरी** – एसईसीएल कोयलांचल शहर चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र के निवासियों को उनके वर्षों पुराने घरों एवं दुकानों का मालिकाना हक दिलाने के लिए निरन्तर प्रयासरत रहने वाले नेता पूर्व महापौर के. डोमरु रेड्डी ने एमसीबी जिले के कलेक्टर श्री नरेन्द्र दुग्गा से मुलाकात कर, अपने शहर के स्थायित्व के लिए एक लम्बे एवं योजनाबद्ध योजना के तहत अपने कार्यक्रम को आज भी जारी रखा है। इस क्रम में उन्होने राज्य शासन को एसईसीएल के कोयला निकाल चुके अनुपयोगी जमीनों को चिन्हित कर, शासन को वापिस कराने के सम्बंध में सहमत कराते हुए, निर्देश जारी करवाया है। अपने महापौर कार्यकाल के दौरान उन्होंने तत्कालीन रमन सरकार से सरगुजा विकास प्राधिकरण में इस विषय पर, अपने शहर की ओर से अपना पक्ष रखते हुए, पट्टा दिलाने की मांग रखी थी, जिसे राज्य सरकार ने स्वीकार कर, अग्रिम कार्यवाही हेतु संभाग आयुक्त की अध्यक्षता में समिति बनाकर, उचित कार्यवाही का निर्देश दिया था। जिसे बाद में भूपेश सरकार ने भी आगे बढ़ते हुए जन - सरोकार वाले इस निर्णय को मूर्तरूप देने के आवश्यक निर्देश दिए हैं। किन्तु कतिपय स्थानीय नेताओं एवं समय के साथ बार - बार बदल रहे अधिकारियों के सुस्त रवैय्ये एवं रुचि न लेने के कारण यह मामला कागजों में ही सिमट के रहा गया था। जिस पर अब फिर से पूर्व महापौर ने मोर्चा संभालते हुए प्रशासन से



बातचीत कर, अपने जनता को उनका हक दिलाने के लिए अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने का निर्णय लिया है। इस सम्बंध में चिरमिरी के पूर्व महापौर एवं जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष के. डोमरु रेड्डी ने मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले के नव पदस्थ कलेक्टर नरेन्द्र दुग्गा से मुलाकात कर उन्हें पिछले नव सालों से चलाए इस अभियान के सम्बंध में याद दिलाया कि सरगुजा क्षेत्र एवं आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक दिनांक 03 जून 2019 के कार्यवाही विवरण पर कियान्वयन करते हुए, आयुक्त सरगुजा सम्भाग को उनके पत्रों पर पालन प्रतिवेदन भेजे जाने हेतु अनुरोध के साथ कहा है कि सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकारी की बैठक दिनांक 03 जून 2019 को मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा एसईसीएल के अधीन अनुपयोगी जमीनों को छत्तीसगढ़ शासन को वापस कराने हेतु पुनः निर्देशित किया गया है, जिसका कार्यवाही विवरण आयुक्त कार्यालय (प्राधिकरण प्रकोष्ठ) के पत्र क्रमांक- 1613/सविप्रा / 2019-20 अम्बिकापुर दि0 19 जून 2019 के तहत कलेक्टर कोरिया को भेजा गया है। जिसका पालन प्रतिवेदन कलेक्टर कोरिया कार्यालय से आज दिनांक तक भेजा नहीं जा सका है। जबकि चिरमिरी एसईसीएल ने अपने लीज की 294 हेक्टेयर जमीन चिन्हित कर वापसी के लिए कलेक्टर कार्यालय को प्रस्ताव भेज चुका है, जो जिला स्तर पर लम्बित है। इस सम्बंध में श्री रेड्डी ने कलेक्टर दुग्गा को स्मरण कराया है कि एस.ई.सी.एल के कोयला उत्खनन वाले हमारे चिरमिरी एवं चिरमिरी जैसे दूसरे क्षेत्रों में 70 - 80 वर्षों से यहाँ निवास कर अपना जीवन यापन कर रह रहे निवासियों के आशियानों को आवासीय पट्टा दिलाने के लिए 2015 से इस सम्बंध में मेरे द्वारा महापौर चिरमिरी एवं प्राधिकरण के विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में किए गए विभिन्न प्रयासों के फलस्वरूप सरगुजा उत्तर क्षेत्र एवं आदिवासी विकास प्राधिकरण में इस महत्वपूर्ण विषय पर कार्यवाही जारी है, किन्तु मेरे पद से हटते ही यह गति धीमी पड़ गई है। उन्होंने कलेक्टर को जानकारी देते हुए बताया कि जिले में पदस्थ अलग - अलग कलेक्टरों से समय - समय पर अनुरोध एवं पत्राचार कर, इस कार्यवाही को आगे बढ़ाने को लेकर, निरन्तर पहल किया है। किन्तु बार - बार हो रहे स्थानांतरण के कारण भी इसमें कार्यवाही बढ़ नहीं पा रही है। ज्ञातव्य है कि श्री दुग्गा के कोरिया कलेक्टर रहते हुए पूर्व महापौर रेड्डी के मांग पर, चिरमिरी में सम्भाग आयुक्त की अध्यक्षता में 09 अगस्त 2017 को चिरमिरी तानसेन भवन में एसईसीएल सीएमडी, मंत्री, विधायक सहित एसईसीएल एवं जिला प्रशासन के आला अधिकारियों की उपस्थिति में एक उच्च स्तरीय बैठक का भी आयोजन हुआ था। उन्होंने यह भी अवगत कराया है कि इस सम्बंध में तात्कालीन मुख्यमंत्री महो0 के निर्देश पर आयुक्त सरगुजा सम्भाग का पत्र क. - 3308/ एसईसीएल/स.उ.क्षे.आ.वि.प्रा./2017 अम्बिकापुर दि0- 04.10.2017 एवं कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला कोरिया के पत्र कं0 8303 / खनिज एसईसीएल स.उ.से.आ. वि.प्रा./2017 कोरिया, बैकुण्ठपुर दि0 04.10.2019 के संलग्न पत्रों से भी स्पष्ट है कि इस सम्बंध में चिरमिरी एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद कोरिया कलेक्टर की अध्यक्षता में 08 अधिकारियों का एक जिला स्तरीय समिति का गठन करते हुए रिपोर्ट तैयार कर शासन और एसईसीएल प्रबंधन को अग्रिम कार्यवाही हेतु पत्र लिखा है, जिसकी प्रगति मानीटरिंग के अभाव में ठप्प है। जिसे आगे बढ़ाया जाना लोकहित में है। किन्तु शासन स्तर पर निर्णय हो जाने के बाद, जिला कार्यालय में सार्थक पहल के अभाव में यूँ मुख्यमंत्री के निर्देशों की अवहेलना समझ से परे है। पूर्व महापौर ने एमसीबी कलेक्टर श्री दुग्गा को दस्तावेजों के साथ आग्रहपूर्वक मांग किया है कि इस सम्बंध में विशेष टास्क फोर्स बनाकर, रुके हुए कार्यवाही को आगे बढ़ाएं, क्योंकि ये राजनीति का मुद्दा नहीं बल्कि चिरमिरी एवं चिरमिरी जैसे दूसरे शहरों के अस्तित्व और पलायन का एक गम्भीर मुद्दा है, जिसे समय रहते हल निकाला जाना आवश्यक है।

कच्ची छत की दीवारे से
बारिश की बुँदे टपक रही हैं
ये तो गरीबी हैं जो दुनिया
दिखला रही है

कभी फटे कपडे बतला रही
टूटे चप्पल भी जतला रही है
हॅसते है लोग हालत पे मेरे
पर खुशियों की तिजोरी तो
कभी कम ना हो रही है

पैसो की भूख से अच्छा
जिन्दगी मे सुकून मिल जाये
जिंदगी की चाहत मे, ऐ मातृभूमि
तेरा साथ मिल जाये
जीने के लिए बस
अन्न का निवाला खिल जाये



लेखक - आर.सूर्या

# जैन संत की हत्या के विरोध में मौन जुलूस एवं प्रदर्शन कर हत्यारों को कड़ी सजा दिलाने महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा

**शहडोल जिले से गंगाधर चौधरी ।**

शहडोल। कर्नाटक में जैन संत की हत्या से आक्रोशित जैन सकल दिगंबर जैन समााज द्वारा कर्नाटक में जैन मुनि की नृशंस हत्या के विरोध में शहडोल जिले के बुढार सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान में गुरुवार को विशाल मौन जुलूस एवं प्रदर्शन कर हत्यारों को सजाा दिलाने महामहिम राष्टपति श्रीमती द्रौपदी मुरमू के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। मौन जुलूस दिगंबर जैन मंदिर से सिनेमाा रोड दीनदयाल चौक नेहरू पार्क कोतमा रोड अमलाई चौक होते हुए नगर पंचायत चौक में आंशिक धरना प्रदर्शन उपरांत महामहिम राष्टपति श्रीमती द्रौपदी मुरमू के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया। दिए हुए ज्ञापन में बताया कि कुछ दिन पहले कर्नाटक में जैन मुनि आचार्य काम कुमार नंदी जी की उनके आर्श्रम में कुछ



दरिंदों ने करंट लगाकर उनकी नृशंस हत्या कर दी और शव के टुकड़े-टुकड कर उसे आसपास फेंक दिया गया जैन समाज आक्रोशित एवं स्तब्ध हैं बुढार सकल जैन दिगंबर समाज के माता बहने युवा वरिष्ठ जनों ने भारत सरकार से दोषियों को बड़ी सजाा दिलाने की मांग की। और साधु-संतों के संरक्षण की मांग की ताकि इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो।इस जघन्य हत्याकांड को लेकर संपूर्ण विश्व का जैन समाज स्तब्ध और आक्रोशित है। पूरे विश्व को अहिंसा और शांति का पाठ पढ़ाने वाले जैन मुनि की ऐसी नृशंस हत्या को जैन समाज ने देश के इतिहास पर धब्बा बताया है। समाजजनो ने इस घटना की सीबीआई जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कि है। ज्ञापन सौंपने वालों में नगर पंचायत परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सराओगी इंदर चंद जैन मुकेश जैन नीलेश जैन गुल्ली जैन






# नरयावली विधानसभा की एक ही पुकार अबकि बार लीलाधर अहिरवार

## नरयावली विधानसभा में तो है लीलाधर अहिरवार की जोरदार लहर



**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

सागर/नरयावली - आपको बता दें की इस दफे नरयावली विधानसभा में एक नया इतिहास रचा जाना है नरयावली विधानसभा में अपनों से अपनी बात कार्यक्रम के तहत लीलाधर अहिरवार द्वारा नरयावली विधानसभा के ग्राम बड़तुमा,पामाखेडी,खेजरा,बुधु,रिछावर, घुरेटा,चाँदवर,परसोरिया,केरबना (विशेष कल) के ग्राम जैसे परसोरिया,केरवना,कार्रपुर,मकरोनिया आदि ग्रामों में अपनों से अपनी बात कर संवाद किया गया जहाँ उन्हें बात के दौरान ग्रामीणों की प्राथमिक समस्याओं को चिन्हित किया साथ ही उनके निराकरण कैसें किया जाए इस बारे में भी विचार विमर्श किया गया । लोगों के रोजगार से जुड़े साधन जुटाने व उनकी स्थायी आजीविका के लिए अवसर हर जरूरत मंद परिवार को मिलें । लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला साथ ही ग्रामीणों का कहना भी की उन्हें परिवर्तन चाहिए जिससे नरयावली विधानसभा का पूरी तरह विकास हो सकें। लीलाधर अहिरवार नरयावली विधानसभा में एक मजबूत उम्मीदवार बन कर सामने आ रहे हैं साथ ही उन्हें ग्रामीणों व शहरी लोगों का प्यार और साथ दोनो मिल रहा हैं नरयावली विधानसभा की माताएं बहने भी लीलाधर अहिरवार को अपना आशिर्वाद दे रही हैं।




**देवरी से संवाददाता हल्के वीर की न्यूज़**

देवरी कांग्रेश मंडलम सेक्टर मतदाता सूची पुनरीक्षण एवं परीक्षण कार्यक्रम रघुवंशी मैरिज गार्डन देवरी में संपन्न हुआ मौके पर क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र पटेल गडरवास, देवरी मडलम अध्यक्ष गडूर रघुवंशी एवं समस्त जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता सम्मिलित हुए

# आकाशीय बिजली गिरने की अलग -अलग घटनाओं में तीन की मौत

**सलामतपुर/मंडीदीप।** जिले में गुरुवार को बादल गरजने के साथ जमकर वर्षा हुई। रायसेन मुख्यालय में करीब दो घंटे तक तेज वर्षा हुई। इस दौरान कई इलाकों में आकाशीय बिजली भी गिरी जिसमें अलग अलग जगह तीन लोगों की मौत हो गई। मंडीद्वीप क्षेत्र के नूरगंज थाना क्षेत्र में दो अलग अलग स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने से दो व्यक्तियों की मौत हो गई। नूरगंज पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दाहोद निवासी तारा सिंह पिता सूरत सिंह उइके आयु 45 साल की निशानखेड़ा गांव में खेत पर कार्य करते समय गुरुवार को गाज गिरने से मौत हो गई। जबकी दूसरी घटना नूरगंज में हेमराज उर्फ पप्पू पिता कनीराम आयु 32 साल पर भी बिजली गिरी स्वजन उसे उपचार हेतु मंडीदीप सिविल अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। इधर सलामतपुर में गुरुवार दोपहर के समय थाने के सुनारी के पास एक खेत में धान रोपाई कर रहे मजदूर के ऊपर आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। थाने के प्रधान आरक्षक विकास श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि सुनारी के पास हरिराम मेहरा का खेत जो उसने कोल्ही से अर्जुन राजपूत को दे रखा है वहां पर धान रोपाई का काम चल रहा था। दोपहर के समय खेत में धान रोपाई कर रहे आदिवादी मज़दूर हुकम सिंह पिता दयाराम आदिवासी उम्र 28 वर्ष निवासी रामपुरा पठारी थाना कोतवाली रायसेन के ऊपर आकाशीय बिजली गिर गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायमकर विवेचना में लिया है। वहीं मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सांची स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है।

# बिजली गिरने से दाहोद ट्रांसफार्मर जला

## औद्योगिक इकाइयों में जल सप्लाई बंद

**मंडीदीप।** दाहोद स्थित एकेवीएन व औबेदुल्लागंज के ट्रांसफार्मर पर बिजली गिरने से हाईटेंशन लाइन से अनेक इंसुलेटर व अन्य उपकरणों के साथ दो अलग अलग डिपियां जल गईं। जिस कारण औद्योगिक इकाइयों व औबेदुल्लागंज में जल सप्लाई प्रभावित होने से लोग पीने के पानी को तरस रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की रात में दाहोद स्थित हाईटेंशन लाइन पर आधी रात में बिजली गिरने से एकेवीएन व औबेदुल्लागंज के दो अलग अलग ट्रांसफार्मर जल गए जिस कारण दाहोद जलाशय से दोनो स्थानों पर जल प्रदाय बंद है।नगर की फैक्ट्रियों में जल प्रदाय बंद होने से जहां उत्पादन प्रभावित हो रहा है वही मजदूरों व कर्मचारियों के सामने पीने के पानी के लाले पड़े हुए हैं जबकी औबेदुल्लागंज में भी दाहोद जलाशय से पानी जाता है वहां भी जल संकट



पैदा हो गया। इस बारे में एकेवीएन के स्थानीय जिम्मेदारो ने बताया कि बिजली गिरने से जल समस्या पैदा हुई है। हमारी डीपी जल गई काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। दाहोद से हमारे फिल्टर प्लांट मूंडला तक पानी चालू हो गया। देर रात तक फैक्ट्रियों में जल सप्लाई प्रारंभ हो जाएगी। इधर नगर पंचायत औबेदुल्लागंज वार्ड दो की पार्षद भारती नरेश सेठी ने बताया कि तीन दिन से नपं की जल सप्लाई बंद थी जो गुरुवार दोपहर तक सुचारू नहीं हुई थी। जबकी नगर पंचायत जल शाखा द्वारा बताया गया है की गुरुवार दोपहर बाद जल सप्लाई प्रारम्भ हो गई। सीएमओ सोनाली वर्मा का कहना है कि तीन दिन से नगर में जल समस्या उत्पन्न हो रहे थी हमने टेंकरों से जल प्रदाय कराया अब विद्युत व्यवस्था ठीक होने पर दाहोद से पानी चालू हो गया। सहायक संचालक औद्योगिक केंद्र विकास निगम के सीएस धुर्वे ने बताया कि नगर की औद्योगिक इकाइयों में देर रात तक जल आपूर्ति प्रारम्भ हो जाएगी।बिजली कंपनी के डीजीएम वैभव यादव का कहना है कि हाईटेंशन लाइन पर बिजली गिरने से समस्या आई थी जिसे ठीक करा दिया गया है।

**आवश्यकता**

युवा प्रदेश नेटवर्क

*मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।*

युवा प्रदेश नेटवर्क,
प्रधान संपादक–नागेश नरवरिया
मो.– 9425156055–9755364204

# हाईवे पर दो ट्रकों बीच आमने सामने की भिड़ंत

**सलामतपुर।** भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर सलामतपुर थाना अंतर्गत आने वाले बेरखेड़ी चौराहे पर देर रात एक 407 वाहन और ट्रक में आमने सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें दो लोग घायल हो गए। गनीमत यह रही कि घायलों को ज्यादा चोटें नहीं आई। सलामतपुर पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि 407 गाड़ी ईंट भरकर भोपाल जा रही थी। जबकि भोपाल से ट्रक विदिशा की और जा रहा था। जैसे ही बेरखेड़ी चौराहा के मोड़ पर पहुंचे तो दोनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। 407 के ड्राइवर और क्लीनर को मामूली चोट आई हैं। जबकि ट्रक अनियंत्रित होते हुए रोड से नीचे जाकर मिट्टी में फस गया। मिट्टी में फंसने के कारण ट्रक ने पलटी नहीं खाई। नहीं तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी। रातातलाई के सरपंच रघुवीर सिंह मीणा का कहना है कि हाइवे पर यातायात का अत्यधिक दवाब रहता है। हाईवे पर कई जगह अंधा मोड़ होने की वजह से भी दुर्घटनाएं हो रही हैं। यहां पर सुरक्षा की दृष्टि से कोई भी संकेतक बोर्ड नहीं लगाए हैं। जिससे यहां पर आए दिन हादसे बढ़ रहे हैं। इस हाइवे को शीघ्र ही चार लाइन किया जाए। भोपाल विदिशा स्टेट हाईवे सड़क काफी छोटी है। इस मार्ग पर यातायात का अत्यधिक दवाब रहता है। जिसकी वजह से आए दिन बड़ी दुर्घटनाएं यहां पर घटित हो रही हैं। ग्रामीणों ने कहा है कि शीघ्र ही हाईवे को फ़ोर लाइन किया जाए। नही तो ग्रामीण आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

**ड्राइवर और क्लीनर को मामूली चोट आई**

### स्टेट हाईवे पर सड़क हादसे नहीं रुक रहे

*भोपाल विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर सड़क हादसे रुकने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। इन रोज़ होने वाले हादसों की वजह से ही अब इस सड़क को खूनी सड़क भी कहा जाने लगा है। वहीं सलामतपुर, दीवानगंज व बालमपुर, बेरखेड़ी चौराहा क्षेत्र के लोगों ने इस स्टेट हाईवे को चार लाइन करने की मांग शासन प्रशासन से की है। गौरतलब है कि भोपाल विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर एक वर्ष में लगभग सौ सड़क हादसे हो चुके हैं। जिसमें पच्चीस से ऊपर लोगों की मौत भी हो चुकी है। सलामतपुर व सूखी सेवनिया पुलिस भी रोज़ हो रही इन दुर्घटनाओं की वजह से काफी परेशान है। इसलिए स्थानीय ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से स्टेट हाईवे 18 को फ़ोर लाइन करने की मांग की है।*

## छोटे से सभागार में लाड़ली बहना कार्यक्रम, स्वास्थ्य मंत्री नाराज



**रायसेन।** लाड़ली बहना योजना की दूसरी किस्त वितरण का कार्यक्रम रायसेन में भी हुआ। इंदौर में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यक्रम का प्रसारण यहां भी किया गया। प्रशासन ने आयोजन पशु पालन एवं डेयरी विभाग के पशुपालन परिचर्या सभागार में किया जहां प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डा. प्रभुराम चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। ये सभागार इतना छोटा था कि कार्यक्रम में आई लाड़ली बहनों को तक बैठने जगह नहीं मिली। इस अव्यवस्था से स्वास्थ्य मंत्री खासे नाराज हुए। लाड़ली बहना सेना के शपथ ग्रहण के बाद स्वास्थ्य मंत्री बिना सीएम का भाषण सुने वहां से चले गए। रायसेन जिले की 2 लाख 34 हजार लाड़ली बहनों के खाते में एक हजार रुपये की पहली किस्त 10 जून को डाली गई थी। सोमवार को योजना की दूसरी किस्त वितरण का कार्यक्रम था। जहां लाड़ली बहना सेना की सदस्यों को शपथ भी दिलाना थी, इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शहर से करीब 60 से 70 लाड़ली बहना सेना सदस्यों को बुलाया गया था। जिस सभागार में ये कार्यक्रम रखा गया वह इतना छोटा था कि स्वास्थ्य मंत्री और उनके साथ आए अन्य अतिथियों सहित प्रशासनिक अधिकारियों से ही कुर्सियां भर गईं। जैसेतैसे अतिरिक्त कुर्सियां लगाकर लाड़ली बहनों को बैठने की व्यवस्था की गई। इसके बाद भी हाल में सभी महिलाएं नहीं बैठ पाई। शेष महिलाओं को बाहर ही बैठना पड़ा जहां उन्हें सीएम का संबोधन भी नहीं सुनाई दिया।

### कलेक्टर ने कहा आगे से ध्यान रखेंगे

स्वास्थ्य मंत्री की नाराजगी देख कलेक्टर अरविंद कुमार दुबे ने मामले को संभाला और आगे से इस बात का ध्यान रखने की बात कही। कलेक्टर ने मंत्री के सामने कहा कि बहुत शार्ट नोटिस में कार्यक्रम का आयोजन करना पड़ा तैयारियों का समय नहीं मिला। इसलिए कार्यक्रम बड़े स्तर पर नहीं हो सका। ये बता सही है कि ये कार्यक्रम बड़ी जगह पर बड़े स्तर पर रखना था लेकिन आगे से इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। इस दौरान कलेक्टर ने जानकारी दी कि जिले में करीब 2 हजार महिलाओं को तकनीकी समस्या के कारण लाड़ली बहना की किस्त नहीं मिला पाई थी, उनकी समस्या का अधिकारी लगातार समाधान करने में लगे हैं।

## हथियारबंद भीड़ ने पुलिस के सामने ही छेड़छाड़ के आरोपित अमजद का घर तोड़ा

रायसेन। मध्य प्रदेश के रायसेन जिला स्थित सलामतपुर थाना क्षेत्र के पिपलिया चांद गांव में छेड़छाड़ के आरोपित अमजद के घर पर 40 से 50 हथियारबंद लोगों ने हमलाकर उसका घर तोड़ दिया। हैरानी की बात ये है कि पुलिस की मौजूदगी में हथियारबंद भीड़ ने उसका घर तोड़ा। बचाव कर रहे सलामतपुर थाना प्रभारी देवेंद्र पाल सिंह घायल हो गए। घटना सोमवार शाम चार बजे की बताई जा रही है। पुलिस को पहले से आभास था कि ये घटना हो सकती है इसलिए सोमवार सुबह से ही पुलिस अमजद के घर तैनात थी। गनीमत ये रही जब लोगों ने उसका घर तोड़ा तब घर में उसके परिवार के लोग नहीं थे। पुलिस ने सुबह 11 बजे परिवार वालों को वहां से दूसरी जगह भेज दिया था। स्थिति बिगड़ने पर रायसेन कलेक्टर अरविंद कुमार दुबे, एसपी विकास शाहवाल पहुंचे। वहां रायसेन, सांची, सलामतपुर, दीवानगंज चौकी का पुलिस बल तैनात कर दिया। शाम तक स्थिति नियंत्रण में आई। वहीं सलामतपुर पुलिस ने घर तोड़ने वाले लोगों की पहचान कर ली है। जिन पर कार्रवाई करने की बात कही जा रही है।

## रायसेन के उदयपुरा में बाइक सवार को बचाने में पलटी बस, कई यात्री घायल




**रायसेन।** जिले के उदयपुरा में सोमवार दोपहर एक यात्री बस पलट गई। इस दुर्घटना में 10 से ज्यादा यात्री घायल हुए हैं। गाडरवारा से उदयपुरा चलने वाली यात्री बस सुबह के समय उदयपुरा में मंडी के पास पलट गई। दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने पहुंचकर यात्रियों को बस से बाहर निकाला घटनास्थल पर तत्काल थाना प्रभारी उदयपुरा अपने दल बल के साथ पहुंच गए, चोटिल हुए लोगों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि सामने से अचानक एक मोटरसाइकिल सवार आ जाने से बस अनियंत्रित हो गई थी। हरियाली अमावस्या होने के कारण नर्मदा में स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक थी। सुबह से ही लोगों का आना जाना शुरू था। बस पलटने के बाद जाम की स्थिति बन गई। जिससे नर्मदा जी में नहाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जिले में पिछले कुछ दिनों से लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। दो दिन पहले ही भोपाल से मुलताई जा रही बस ओबेदुल्लागंज के पास पलट गई थी।इसमें 14 यात्री घायल हुए थे। एक हफ्ते पहले ही मजदूरों से भरा ट्रैक्टर ट्राली पलटने से मजदूर घायल हो गए थे।

## पुलिस छावनी बना पिपलियाचांद गांव, बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक, 25 से ज्यादा लोगों पर केस दर्ज

**रायसेन।** रायसेन जिले के सलामतपुर थाना क्षेत्र के पिपलियाचांद गांव में छेड़छाड़ के आरोपित अमजद के मकान को तोड़ने के बाद गांव में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। पूरे गांव को पुलिस छावनी में बदल दिया है। यहां 100 से ज्यादा जवानों की तैनाती की है। गांव से तीन किलोमीटर पहले बेरखेड़ी तिराहे पर ही बेरिकेडिंग कर दी गई है। गांव में बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। पुलिस केवल गांव के रहने वाले लोगों को ही अंदर जाने दे रही है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि गांव में शांति है। इधर आरोपित अमजद का घर तोड़ने वालों की सर्चिंग पुलिस ने शुरू कर दी है। इस मामले में पुलिस ने 25 से ज्यादा लोगों के खिलाफ अलग अलग धाराओं में मामला दर्ज किया है। जिसमें 13 लोगों पर नामजद एफआइआर दर्ज की गई है। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए बेरखेड़ी तिराहे पर भारी पुलिस बल तैनात किया है। यहां रायसेन एसडीएम मुकेश सिंह भी लोगों को पूछताछ के बाद ही गांव में अंदर जाने दे रहे हैं। वाहनों की पूरी तरह से तलाशी ली जा रही है। स्थिति न बिगड़े इसको लेकर बाहर से भी पुलिस बल बुलवा रहा है। रायसेन कलेक्टर अरविंद कुमार दुबे और एसपी विकास शाहवाल भी लगातार गांव का दौरा कर रहे हैं बता दें कि यहां भीड़ ने सोमवार को नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपित अमजद के घर को तोड़ दिया था। लोग पूर्व में ही आरोपित के घर पर बुलडोजर चलाने की मांग कर रहे थे, जब प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की तो गुस्साई भीड़ गांव में जमा हो गई और उसका मकान तोड़ दिया। घटना के वक्त चार से पांच पुलिस कर्मी की मौजूद थे जो भीड़ को नियंत्रित नहीं कर पाए। घटना के बाद अमजद का परिवार गांव से कुछ दूरी पर स्थित अपने पुराने मकान में शिफ्ट हो गया है। पुलिस को घटना का पहले से अंदेशा था इसलिए उन्होंने अमजद के परिवार को मकान खाली करने के लिए कह दिया था। इस घटना में चार जुलाई को अमजद के खिलाफ एफआइआर दर्ज हुई थी। पांच जुलाई को उसे गिरफ्तार कर लिया गया था।

## महादेव पानी में बहे किशोर का शव मिला, दोस्तों के साथ नहाते समय हुआ था हादसा





**रायसेन।** पर्यटन स्थल महादेव पानी में डूबे किशोर का शव मिल गया है। मृतक का नाम 15 वर्षीय विधान सेन है वह भोपाल के ईंटखेड़ी का रहने वाला था। रविवार देर शाम को झरने में अचानक पानी बढ़ने से विधान अपने दो अन्य दोस्तों के साथ बह गया था उसके दोस्तों को तो बचा लिया गया लेकिन विधान पानी में डूब गया। देर रात से ही रेस्क्यू टीम उसकी तलाश में जुटी थी जानकारी के अनुसार करीब 3 बजे घटनास्थल से करीब एक किलो मीटर दूर उसका शव पुलिस को मिला। खरबई चौकी प्रभारी सीएल वर्मा ने बताया की मृतक को भोपाल हमीदिया अस्पताल पीएम के लिए भेजा गया है। महादेव पानी के आसपास पुलिस बल भी तैनात किया गया है पुलिस और रेस्क्यू टीम आसपास और तलाशी ले रही है। चौकी प्रभारी के अनुसार फिलहाल किसी और के डूबने की कोई खबर नहीं है लेकिन सुरक्षा के तौर पर आसपास जांच की जा रही है। सैलानियों को यहां नहीं आने दिया जा रहा है। आपको बता दें कि भोपाल के ईंटखेड़ी निवासी विधान सेन रविवार को अपने दोस्तों के साथ सैर करने महादेव पानी आया था। नहाते वक्त झरने में अचानक पानी बढ़ गया इस दौरान दो दर्जन से अधिक लोग बीच में ही फस गए थे। हालांकि मुश्किल से लोगों को दूसरे रास्ते से बचा लिया गया लेकिन पानी का तेज बहाव होने के कारण विधान और उसके दोस्त बह गए जिसमें विधान की मौत हो गई।

### सीजन में पहली बार चला झरना

इस सीजन में पहली बार रविवार को महादेव पानी का झरना चला। रविवार छुट्टी का दिन होने के कारण भोपाल और रायसेन जिले से हजारों की संख्या में पर्यटक पहुंचे थे। शाम तक तो सब कुछ ठीक था, लेकिन पांच बजे से तेज वर्षा शुरू हुई। जिससे रपटा पर तेज बहाव के साथ पानी आ गया। लोग फस रहे थे, जैसे तैसे लोग बहाव से बचे लेकिन किशोर विधान वहीं फस गया। इधर घटना के बाद वाहनों का आवागमन बंद हो गया, जिससे सड़क पर लंबा जाम लगा रहा।

## एक के बाद एक तीन सड़क हादसों में 5 लोग घायल, सांची से सूखी सेवनिया तक रोड बनाने की मांग



**भोपाल।** सांची विकासखंड क्षेत्र के ग्राम बरजोरपुर रोड पर मंगलवार को एक के बाद एक तीन सड़क हादसे हो गए। इनमें 5 लोग घायल हो गए, हालांकि गनीमत यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई है। सभी दुर्घटनाएं बरजोरपुर जोड़ पर ही हुईं। सांची से लेकर सूखी सेवनिया तक लोग चार लेन सड़क बनवाने की मांग कर रहे हैं। एक ऑटो सवारी और बाइक में भिड़ंत हो गई, जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मजदूर ऑटो में बैठकर करैया गांव धान लगाने गए थे। शाम को ऑटो से ही वापस लौट रहे थे कि बरजोरपुर रोड पर एक बाइक से ऑटो टकरा। आमने-सामने भिड़ंत होने से तीन लोग घायल हो गए। ऑटो में बैठी एक महिला का पैर बुरी तरह घायल हो गया। हालांकि किसी ने भी दुर्घटना की दीवानगंज चौकी पर एफआइआर दर्ज नहीं की है। सभी घायल सुखी सेवनिया के रहने वाले हैं। दूसरी घटना भोपाल विदिशा हाईवे 18 के बरजोरपुर जोड़ के पास विदिशा से भोपाल बाइक से जा रहे पति-पत्नी फिसल गए, जिससे दोनों घायल हो गए। मुन्ना लाल ग्राम गाहरवाला अटारी खेजड़ा जिला विदिशा का रहने वाले हैं। वह अपनी पत्नी के साथ भोपाल जा रहे थे। इसी दौरान बरजोरपुर जोड़ पर बाइक फिसल गई, जिससे दोनों घायल हो गए। वहां मौजूद लोगों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी, जिससे दोनों को भोपाल भेजा। इस सड़क पर एक ट्राला और कार में भिड़ंत हो गई, जिसमें कार चालक मामूली रूप से घायल हो गया। कार भोपाल से विदिशा जा रही थी और ट्राला बरजोरपुर रोड पर जा रहा था। ट्राला यहां से गुजरा तो सामने से आ रही कार से टकरा गया, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। ट्राला ड्राइवर और कार मालिक के बीच में समझौता हो गया।

## हाई व हायर सेकंडरी स्कूलों के अपग्रेडेशन में रोड़ा बना पांच किमी का नियम

**रायसेन।** विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों की बालिकाओं को आगे की पढ़ाई करने का मन तो खूब है। उनके अभिभावक भी उच्च शिक्षा दिलाना चाहते हैं, लेकिन हाई व हायर सेकंडरी स्कूल की कमी ने उनके सपनों को तोड़ रही है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों की उदासीनता व पांच किलोमीटर के दायरे वाला नियम भी अड़ंगा डाल रहा है। इस साल आठवीं और दसवीं पास बाहरी क्षेत्र के 91 मिडिल और 15 हाई स्कूलों की करीब 1000 लाड़लियों की पढ़ाई संकट खड़ा में है। ब्लाक में हाई और हायर सेकंडरी स्कूलों की भारी कमी है। 206 गांव के बीच सिर्फ 15 हाई और 14 हायर सेकंडरी सरकारी स्कूल ही हैं, जो बच्चों की संख्या के हिसाब से कम हैं। इनकी कमी लाड़लियों की उच्च शिक्षा की राह में बाधा है। ऐसे में बालिकाएं सिर्फ आठवीं तक की ही पढ़ाई कर पा रही हैं। वर्ष 2010 में लागू हुआ शिक्षा का अधिकार अधिनियम भी लड़कियों को आठवीं से आगे उच्च शिक्षा दिला पाने में असफल साबित हो रहा है। नगर के वार्ड 17 स्थित टीलाखेड़ी, पिपलिया लोरका के साथ जावरा और पिपलिया गोली सहित दो दर्जन से अधिक गांव की करीब 90 फीसदी लड़कियों को सरकारी हाई स्कूल ना होने के कारण आठवीं तक की शिक्षा से ही संतोष करना पड़ता है। ब्लाक में अभी 29 हाई हायर सेकंडरी स्कूल ही हैं, जबकि यहां 25-30 स्कूलों को हाई और हायर सेकंडरी किए जाने की जरूरत है। दाहेद की कक्षा 10वीं की छात्र निकिता का कहना है कि गांव में हाई सेकंडरी स्कूल ना होने से वह आगे नहीं पढ़ पा रही हैं। पिता अवध नारायण का कहना है कि गांव से मंडीदीप 10 किमी दूर है। अकेले लड़की को इतनी दूर कैसे भेजेंगे।

# छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र का चौथा दिन

## विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर होगी चर्चा




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन शुक्रवार को विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर सदन में चर्चा होगी। इससे पहले तीसरे दिन विपक्षी भाजपा विधायकों की ओर से लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर गुरुवार को चर्चा नहीं हो सकी। विधि मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि सदस्यों ने मंत्रिमंडल के विरूद्ध जो भी अविश्वास प्रस्ताव लाया है। उन्होंने जो भी बिंदु दर्शाया है, उसकी कापी बहुत देर से मिली। इसलिए इस पर कल चर्चा करा लिया जाए। विपक्ष के विरोध के बीच सदन ने अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए शुक्रवार की दोपहर 12 बजे से शाम 5:30 बजे तक का समय निर्धारित कर दिया। इसके बाद सदन की कार्यवाही को शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन गुरुवार को तीन संशोधन विधेयक पारित हुए। इनमें संसदीय कार्यमंत्री रबिंद्र चौबे ने छत्तीसगढ़ विधानमंडल सदस्य निरर्हता निवारण संशोधन विधेयक पेश किया। विधेयक पर चर्चा के दौरान सदन में सत्तापक्ष-विपक्ष की तीखी बहस के साथ हंगामा भी हुआ। विपक्षी दल के विधायकों ने डा. प्रेमसाय सिंह टेकाम के जरिए सरकार को घेरने की कोशिश की। भाजपा विधायक शिवरतन शर्मा और अजय चंद्राकर ने कहा कि डा. टेकाम में जरा भी स्वाभिमान है, तो उन्हें योजना आयोग अध्यक्ष पद स्वीकार नहीं करना चाहिए, क्योंकि उनके लिए संशोधन विधेयक लाया गया, क्या ऐसी स्थिति में भी इस पद को टेकाम स्वीकार करेंगे। शिवरतन ने कहा कि इस संशोधन को लाने का प्रमुख कारण इनका आंतरिक कलह है। विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा वह आदमी 45 साल पहले मंत्री थे और जिस बेरहमी से उनको निकला गया, उसके बाद उनको यह पद देकर उनको लालीपाप पकड़ाने के लिए , वह भी तरीके से कर लेते। संसदीय कार्यमंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि धरमलाल कौशिक को किस दुर्गति से नेता प्रतिपक्ष पद से हटा दिया गया। क्या हमने ये नहीं देखा है? आदिवासी दिवस के दिन इनकी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को हटा दिया। क्या हमने नहीं देखा? कहने को हमारे पास भी बहुत कुछ है। चर्चा के बाद छत्तीसगढ़ विधानमंडल सदस्य निरर्हता निवारण संशोधन विधेयक पारित कर दिया गया।

### छत्तीसगढ़ में खुलेगा 17वां निजी विश्वविद्यालय

विधानसभा के मानसून सत्र में गुरुवार को छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधन विधेयक 2023 सर्वसम्मति से पारित हुआ। इसमें श्री दावड़ा विश्वविद्यालय को प्रदेश के 17वें निजी विश्वविद्यालय के रूप में शामिल किया गया। विधानसभा में उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल के प्रस्ताव का विपक्ष ने भी समर्थन किया। यह विश्वविद्यालय रायपुर के अभनपुर स्थित भेलवाडीह गांव में स्थापित किया जाएगा। इसमें पत्रकारिता, कला, विज्ञान, शिक्षा, होटल प्रबंधन, व्यावसायिक शिक्षा, एमफिल और पीएचडी के पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे। संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि शिक्षा सरकार का सामाजिक दायित्व है, इसमें कितना व्यय हो रहा है यह नहीं बताया मगर चीन के बाद भारत है जहां के विद्यार्थी विदेश जाकर पढ़ाई कर रहे हैं। इसका कारण यह है कि शिक्षा के क्षेत्र में असंतुलन बना हुआ है। केवल राजनांदगांव, रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर में ही शिक्षा के संस्थान खोले जा रहे हैं। यूनिवर्सिटीज बाजारवाद में प्रवेश कर रही हैं। कांग्रेस विधायक बृहस्पति सिंह ने कहा कि ट्राइबल इलाकों में अगर कोई शिक्षण संस्थान खुल रहा है तो वहां विशेष छूट देना चाहिए। भाजपा विधायक सौरभ सिंह ने कहा कि हम विश्वविद्यालय खोलने से पहले भौगोलिक संतुलन क्यों नहीं कर रहे हैं ? उच्च शिक्षा मंत्री पटेल ने कहा कि जब हमने ज्वाइन किया उस समय प्रदेश के उच्च शिक्षा में जीईआर 17 प्रतिशत था, आज यह 22 प्रतिशत हो गया है। हमने बस्तर में आठ कालेज शुरू किए हैं और हमारी सरकार ने दूरस्थ इलाकों को फोकस किया है।

### भारतीय स्टाम्प (छत्तीसगढ़ संशोधन) विधेयक, 2023 पारित

राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने भारतीय स्टाम्प (छत्तीसगढ़ संशोधन) विधेयक, 2023 पेश किया। इसमें मंत्री ने बताया कि इसकी धारा 35 में संशोधन इसलिए आवश्यक है क्योंकि कलेक्टर आफ स्टाम्प द्वारा पारित आदेश के दिनांक से शास्ति का प्रविधान है और न्यूनतम शास्ति केवल पांच रुपये मात्र है। इससे प्रकरणों के निराकरण में विलंब होता है। इसी तरह कलेक्टर द्वारा आदेशित कम स्टाम्प शुल्क की राशि कम से कम 25 प्रतिशत जमा करने के बाद ही अपील स्वीकार करने की संबंधी प्रविधान किया गया है। विधेयक पारित कर दिया गया।

## अनियमित और संविदा कर्मियों की हड़ताल जारी, आज अर्धनग्न होकर विधानसभा का करेंगे घेराव



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के अनियमित और संविदा कर्मियों की हड़ताल जारी है। आंदोलनरत कर्मचारी आज अर्धनग्न होकर विधानसभा का घेराव करेंगे। अनियमित और संविदा कर्मियों के आंदोलन के मुद्दे पर सदन में जोरदार हंगामा मचा। भाजपा के स्थगन सूचना को अस्वीकार करने के बाद नारेबाजी शुरू हो गई। भाजपा ने जहां कर्मचारियों के साथ धोखा का आरोप लगाया, तो कांग्रेस विधायकों ने भूपेश है तो भरोसा है का नारा लगाया। हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही को पांच मिनट के लिए स्थगित कर दिया गया। विपक्षी विधायक जिस सरकार सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगा रहे थे, उस समय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तंज कसा कि भाजपा के लोग अपनी बात जल्दी रखें, बहुत से कर्मचारी संगठन सरकार के फैसले पर धन्यवाद देने आए हैं। विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि आंदोलन की वजह से कामकाज बुरी तरह प्रभावित है। अजय चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश के सारे आंदोलनरत संगठनों ने मुख्यमंत्री की घोषणा को नकार दिया है। चार लाख कर्मचारी आंदोलन में हैं। सभी वर्गों के भीतर असंतोष है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने घोषणा पत्र को आत्मसात करने की बात कही, लेकिन अंतिम सत्र तक जानकारी यही आई कि सरकार अभी अनियमित और संविदाकर्मियों की जानकारी ही इकट्ठा कर रही है। सरकार के कथनी और करनी में अंतर है।

## मणिपुर हिंसा पर छत्तीसगढ़ का नाम लेने पर युवक कांग्रेस ने किया विरोध

**रायपुर।** मणिपुर हिंसा पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान के बाद छत्तीसगढ़ में कांग्रेस नेताओं ने जहां पीएम की निंदा की है, वहीं भाजपा नेताओं ने पीएम के समर्थन में राज्य सरकार को घेरा है। इस बीच, मणिपुर हिंसा पर प्रधानमंत्री के बयान में



छत्तीसगढ़ का जिक्र आने पर राजधानी रायपुर में युवक कांग्रेस ने विरोध जताया है। सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा की केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाए। साथ ही जयस्तंभ चौक पर रायपुर में पीएम मोदी का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने ट्वीट किया कि 80 दिन, इतना वक्त लगा प्रधानमंत्री को मणिपुर बोलने में, गुस्सा आने में। आज जब बोले भी तो ऐसा मानो, देश को नहीं, चुनावी रैली को संबोधित कर रहे हों। प्रधानमंत्री जी, क्योंकि आपने मणिपुर के साथ छत्तीसगढ़ का नाम लिया, तो आपको बता दें, छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था बरकरार है।

## मतांतरितों के मतदान के अधिकार पर प्रतिबंध, जाति से भी किया वंचित, ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कर छीने अधिकार

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ में अगले कुछ माह में होने वाले चुनाव के पहले बस्तर जिले के लोहंडीगुड़ा के तारागांव में ग्राम सभा ने मतांतरितों के मतदान के अधिकार को प्रतिबंधित कर दिया है। ग्राम सभा ने मतांतरितों को जाति से भी वंचित करने का निर्णय लिया है। मतांतरण के विरोध में ग्राम सभा ने मतांतरितों को जल, जंगल, जमीन से वंचित करने सहित 19 बिंदुओं पर निर्णय लिया है। इन निर्णयों को लागू करवाने के लिए गांव के करीब एक हजार ग्रामीण ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर विजय दयानंद के. को ज्ञापन दिया है।

बस्तर में तेजी से बढ़ते अवैध मतांतरण से आदिवासी संस्कृति के नष्ट होने के संभावित खतरे की स्थिति को भांपते हुए दर्जनों पंचायत में ग्राम सभा की ओर से इसी तरह के निर्णय पारित किए जा रहे हैं। तारागांव पंचायत में ग्राम सभा के निर्णय के अनुसार मतांतरित अब गांव के जलस्त्रोत का उपयोग मतांतरित नहीं कर सकेंगे। मतांतरितों को सिर्फ सरकारी हैंडपंप व नल-जल योजना के पानी का उपयोग करने की अनुमति रहेगी। ग्राम सभा का मानना है कि गांव के जलस्त्रोतों का उपयोग ग्राम देवी-देवताओं के पूजा व विधान के लिए किया जाता है। मतांतरितों के इस पानी का उपयोग करने से गांव के पारंपरिक नियम का उल्लंघन होगा, जिससे गांव पर आपदा आ सकती है। मतांतरितों को जल-जंगल, जमीन से भी वंचित करने का निर्णय लिया गया है। ग्राम सभा का मानना है कि क्योंकि मतांतरण के बाद वे अपना मत बदल चुके हैं, इसलिए पूर्व जाति से भी वंचित होंगे। मतांतरित राशन कार्ड में अपने मत का उल्लेख करें, तभी राशन दिया जाए। मतांतरितों के गांव के अंदर अन्य धर्म के दुकानों से सामान खरीदने पर



भी प्रतिबंध रहेगा। यहां तक की मतांतरितों के शव भी गांव की सीमा के अंदर दफनाए नहीं जाएंगे। अपर कलेक्टर बस्तर हरेश मंडावी ने कहा, मौलिक अधिकार पर प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता है। यदि ग्राम सभा में इस तरह का निर्णय लिया गया है तो न्यायोचित कार्रवाई करेंगे। संभागीय अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज प्रकाश ठाकुर ने कहा, मतदान के अधिकार पर प्रतिबंध लगाना अनुचित है। लोकुर समिति की रिपोर्ट के अनुसार मतांतरित को जातिगत लाभ नहीं मिलेगा। इसे छत्तीसगढ़ में भी लागू किए जाने की आवश्यकता है।

### मतांतरण के विरुद्ध में ग्राम सभा में पारित निर्णय

-तारागांव की सीमा के अंदर किसी भी धार्मिक, शासकीय कार्यक्रम, भूमि-खरीदी बिक्री से पहले ग्राम सभा की अनुमति लेनी होगी।

-गांव में तीज-तिहार, शादी-विवाह के लिए ग्राम सभा की अनुमति लेनी होगी।

-तारागांव की सीमा के अंदर मतांतरितों के शव दफनाने पर प्रतिबंध रहेगा।

-गांव की सीमा के अंदर बाहरी धार्मिक त्योहारों के मनाने पर प्रतिबंध रहेगा।

-मतांतरितों के घर व खेत में गांव के लोग काम करने नहीं जाएंगे। ऐसा करते पाए जाने पर पांच हजार पांच सौ एक्यावन रुपये का दंडशुल्क देना होगा।

-मतांतरितों के किसी भी दस्तावेज पर गांव के सरपंच, उपसरपंच, पंच हस्ताक्षर नहीं करेंगे।

-मतांतरितों को गांव में किसी भी तरह के मतदान से वंचित किया जाएगा।

## मोहन नगर के दो घरों में घुसकर चोरी करने वाला शातिर स्पाइडरमैन गिरफ्तार

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के भिलाई शहर के मोहन नगर स्थित दो घरों में घुसकर चोरी करने वाले एक शातिर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चार दिन पहले मालवीय नगर दुर्ग के एक घर में चोरी करने के दौरान वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में आरोपित का चेहरा कैद हो गया था। इसके बाद पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की और आरोपित को गिरफ्तार किया। आरोपित के पास से मोबाइल, कैमरा, आइपैड, सोने चांदी के जेवर और 2700



रुपये नकद जब्त किया गया है। जिसकी कुल कीमत पांच लाख रुपये आंकी गई है। पत्रकार वार्ता में मामले की जानकारी देते हुए एएसपी संजय ध्रुव और क्राइम डीएसपी राजीव तिवारी ने बताया कि मोहन नगर थाना क्षेत्र के मालवीय नगर और आर्य नगर के दो घरों में चोरी की घटनाएं हुई थी। चार दिन पहले 14 जुलाई की रात मालवीय नगर दुर्ग निवासी सुनील मध्यानी के घर पर चोरी हुई थी। शिकायतकर्ता के घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज की जांच करने पर एक आरोपित का चेहरा मिला था। लगातार हो रही चोरियों के बाद पुलिस संयुक्त टीम बनाकर इनकी पतासाजी शुरू की। इस दौरान आदतन अपराधियों, जेल से रिहा हुए बदमाशों से भी पूछताछ की गई। जिसके आधार पर न्यू दीपक नगर दुर्ग निवासी मनीष यादव उर्फ सागर (23) को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो आरोपित ने दोनों घरों में चोरी करने की बात स्वीकार की। आरोपित के पास से चार नग मोबाइल, एक नग आइपैड, एक मंगलसूत्र, एक सोने की चेन औ्र 2700 रुपये नकद जब्त किया गया। जिसकी कुल कीमत पांच लाख रुपये आकी गई है। आरोपित के खिलाफ चोरी की धारा के तहत कार्रवाई कर उसे जेल भेजा जा रहा है।

## प्रेमी ने प्रेमिका संग मिट्टी तेल डालकर खुद को लगा ली आग, युवक के खिलाफ अपराध दर्ज




**रायपुर।** राजधानी के खमतराई थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपनी प्रेमिका और अपने ऊपर मिट्टी तेल डालकर आग लगा ली। पुलिस के मुताबिक मूलतः उत्तरप्रदेश निवासी जीवन दुबे ने सिक्योरिटी एजेंसी में अकाउंटेट का काम करने वाली 22 साल की युवती और अपने ऊपर मिट्टी तेल डालकर आग लगाया है। आग से युवती 50 प्रतिशत से ज्यादा झुलस गई है। उसकी हालत गंभीर बताई गई है। जबकि जीवन 35 प्रतिशत झुलसा है। दोनों का उपचार चल रहा है। जीवन ने अपने और युवती के ऊपर दोपहर में ट्रांसपोर्ट नगर पार्किंग-1 के पास अपने आफिस के बाहर आग लगाने की घटना को अंजाम दिया है। खमतराई थाना पुलिस द्वारा युवक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है।

## जनप्रतिनिधियों ने स्वतः मौजूद हो कराया कीटनाशक पावडर का छिड़काव

# सीएमओ की निष्क्रियता से निर्माण कार्य सहित कई कार्य अवरूद्ध,जनप्रतिनिधियों में रोष

**अमित कुमार बैस**

**कोतमा।** अनुपपुर जिले के अंतर्गत नव नगर परिषद डोला जो पूर्व में ग्राम पंचायत से निकाय में तब्दील हुआ जिसके पश्चात निकाय चुनाव हुए जिसमें भारतीय जनता पार्टी के काबिल उम्मीदवारो ने काफी जहोजहद्द के बाद प्नबल रुप में अपना कब्जा जमाया? इस नगर परिषद में अध्यक्ष रीनू सुरेश कोल और उपाध्यक्ष रविशंकर उर्फ छोट्टन तिवारी हुये? यह चुनाव विवादो से भरे रहने बावजूद भी भाजपा के प्नत्याशियो ने अपनी सूझबूझ के साथ नगर में जीते पार्षद प्नत्याशी के सहयोग से दोनो मूल पद पर काबिज किये? जिसके उपरान्त डोला वासियों में जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र के विकास को लेकर उम्मीद जागी कि नगरीय निकाय डोला क्षेत्र भी अब विकास के दिशा में आगे दिखेगा? नगर के लोगों के उम्मीदों पर खरा उतरने फिर जनप्रतिनिधियों द्वारा आगे प्नयास किया जाना आरम्भ हुआ जिसके परिणाम एक एक कर कार्य की शुरुआत होते दिखना शुरु हो चुकी है? जिसमें नगर में प्नथम स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत की दिशा पहल किया गया फिर विकास निर्माण को दृष्टिगत रख जनप्रतिनिधियों द्वारा सड़क,नगर के कचरो को उठाकर प्नत्येक वार्ड को स्वच्छ स्वस्थ बनाए रखने कचरा वाहन की खरीदी,नगर के प्नत्येक वार्ड के गली चौक चौराहो को शाम होते ही अंधेरे से दूर करने लाइटिंग की व्यवस्था साथ ही वर्तमान मे हर वार्डो में परिषद कर्मचारियों द्वारा कीटनाशक दवाईयो का छिड़काव भी करवाया जा रहा? वहीं जल समस्या निदान कराए जाने नगर के नलकूपों का सुधार भी परिषद कर्मचारी से कराया जाना इसके बाद भी नगर से आने वाले कई तरह के शिकायतों में से निदान होने वाले शिकायतों का निपटारा अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं पार्षदो द्वारा कराया जा रहा? आज फिर अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद के अथक प्नयास से ग्राम पंचायत कालीन से चल रहे हैंड़पम्प को तब्दील कर सौर ऊर्जा से स्वचालित बोरवेल,सिलटैक्स को ओव्हर टैंक के रुप में निर्माण करा नल के माध्यम से पानी भरने वार्ड के लोगों को बेहतर सुविधा मुहैया कराया गया है? जिसका पूजन कर शुभारंभ समाजसेवी



एवं अध्यक्ष पति रीनू सुरेश कोल, उपाध्यक्ष रविशंकर तिवारी,वार्ड पार्षद पंकज दुबे,नगर समाजसेवी राकेश उर्फ छोटू पांड़े द्वारा किया जाकर वार्ड के लोगों से मिलकर वार्ड के अन्य समस्याओ से भी अवगत हुए? दरअसल नगर डोला के वार्ड क्रमांक 09 में मौजूद इस हैंड़पम्प से दो वार्ड 7,9 के लोग निर्भर होकर पानी भर अपनी जलापूर्ति की जरुरत पूरी करते रहे, लेकिन इसके लिए प्नत्येक लोगों को सुबह से देर रात तक घंटो मशक्कत करना पड़ता था क्योंकि इस हैंड़पम्प से निकलने वाले पानी को पीने जाने लायक अच्छा शुद्ध और बेहतर बताया गया? इस वार्ड के लोग अपने अपने घरो के डिब्बों में हैंड़पम्प चलाकर अब तक पानी भरा किया करते रहे जिस समस्या का निदान नगर परिषद जनप्रतिनिधियों द्वारा खत्म किये जाने एक अच्छा पहल किया गया है? जिसे देख दोनों वार्ड के लोगों ने अध्यक्ष/उपाध्यक्ष सहित वार्ड पार्षद पंकज दुबे के द्वारा कराए गये इस तरह के निर्माण कार्य के पहल की सराहना एवं प्नशंसा करते हुए कहा की पानी भरने वालो लोगों अब तक जिस प्नकार की दिक्कतो का सामना करना पड़ता रहा उससे निजात मिला है? जनप्रतिनिधियों की यह पहल प्नशंसनीय है कि पहले सीसी सड़क का निर्माण अब हैंड़पम्प को सौर ऊर्जा से स्वचालित कर सिलटैक्स को रखवा ओव्हर टैंक के रूप मे निर्माण करा नलो के माध्यम से लोगों को पानी भरे जाने और उसी जगह लाईट की भी सुविधा प्नदान किया जाना कहीं ना कहीं जनप्रतिनिधियों की एक अच्छी सोच को बयां करता है? इस अवसर पर अध्यक्ष/उपाध्यक्ष सहित पार्षदगण, वार्डवासी जन और परिषद कर्मचारी उपस्थित रहे हैं?

### इनका कहना है...

मैं वार्ड का सेवक हूँ और जिसके लिए मुझे वार्डवासियो ने चुना है मैं उसके लिए प्नतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा एवं करूंगा? किसी भी कार्य में देरी भले हो रही लेकिन आगे परिणाम दिखेगा? आज जो कार्य वार्डवासियो के द्वारा मुझे निरंतर प्नेरित किये जाने से सार्थक सिद्ध हुआ है?

**पंकज दुबे,पार्षद, वार्ड क्रमांक 09 नगर परिषद डोला**

वाकई ही इस वार्ड के लोगों को बड़ी समस्या रही है इस हुये निर्माण का से लोगों को एक बड़ी राहत मिली है?

**पूनम महादेव गोस्वामी,पार्षद वार्ड क्रमांक 03, नगर परिषद डोला**

सौर ऊर्जा से स्वचालित पम्प एवं वाटर टैंक लगने से वार्ड क्रमांक 7,9 के चेहरे खिले दिखे? जो प्नशंसनीय पहल है?

**माया शैलेश सिंह,पार्षद वार्ड क्रमांक 05, नगर परिषद डोला**

### इन्होने कहा...

वार्डवासियो के सुविधा हेतु यह निर्माण कार्य कराया गया और भी आगे जहाँ जरूरत दिखाई पड़ेगा वहाँ भी कराया जाएगा?

**रीनू सुरेश कोल, अध्यक्ष, नगर परिषद डोला**

वार्डवासियो की समस्या एवं वार्ड पार्षद के शिकायत पर कार्य को कराया गया और आगे सीएमओ साहब का सही सहयोग मिला तो कई कार्य भी धरातल जल्द दिखेंगे,जिस दिशा में हमारा प्नयास जारी है?

**रविशंकर उर्फ छोट्टन तिवारी,उपाध्यक्ष नगर परिषद डोला**

# एक दिवसीय जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया

**मुकेश अहिरवार राजगढ़**



**राजगढ़।** एक जिला एक उत्पाद (ओ.डी.ओ.पी) प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत कृषि विज्ञान केन्द्र राजगढ़ में जिला आधारित ओ.डी.ओ.पी. (पीएम-एफएमई) अंतर्गत प्रोडक्ट कॉन्क्लेव संतरा फसल उत्पादन एवं प्रसंस्करण के प्रचार-प्रसार हेतु एक दिवसीय जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उप संचालक उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण द्वारा बताया गया कि जिले के समस्त विकासखण्डों के 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया। संगोष्ठी में उद्यानिकी वैज्ञानिक डॉ. श्री लालसिंह सगर द्वारा संतरा फसल उत्पादन की आधुनिक तकनीक अंतर्गत खाद्य एवं उर्वरक प्रबंधन, कीट/व्याधी प्रबंधन, मूल्य संवर्धन एवं विपणन, वैज्ञानिकी डॉ. सूरज कश्यप द्वारा मौसम संबंधी जानकारी, श्रीमती सीमा सौलंकी, जीएम डीआईसी द्वारा खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना, श्री वही. के. नायता सहायक संचालक कृषि द्वारा ए.आई.एफ. योजना, श्री राजेश दांगी, डीआरपी पीएमएफएमई योजना द्वारा पीएम एफएमई अंतर्गत प्रसंस्करण इकाईयों के प्रस्ताव एवं डीपीआर तैयार करने संबंधी प्रजेंटेशन दिया गया। श्री एस.एस. गरवाल, उप संचालक उद्यानिकी द्वारा विभाग में संचालित समस्त योजनाओं की जानकारी कार्यक्रम में उपस्थित समस्त कृषकों / प्रस्तावित उद्यमियों को दी गई। कार्यक्रम का संचालक श्री राहुल पाटीदार, प्रभारी वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी विकासखण्ड राजगढ़ द्वारा किया गया।

# नरयावली विधानसभा में नहीं हो पा रहा विकास : लीलाधर अहिरवार



**सागर।** नरयावली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बड़कुआ में शोक संतृप्त परिवार के तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल हुआ उस परिवार के वरिष्ट जन राजेन्द्र अहिरवार, तुलसीराम हल्ले भागीरथ ,सोनू, एव गॉव व आसपास के सामाजिक लोगों के साथ संबाद किया गया गॉव के प्राचीन खेरमाता मंदिर में मेने एव गॉव के लोगों ने सामुहिक रूप से प्राथना कर माता का आशीर्वाद लिया।

# युवक से बोले आरोपी- बहन से तोड़ दे रिश्ते, नहीं मानने पर सिर पर मारा हंसिया, मौत

**इंदौर।** इंदौर के देवास से हॉनर किलिंग का मामला सामने आया है। बहन से प्यार करने पर एक भाई ने युवक की हंसिया मार कर हत्या कर दी। पुलिस ने 48 घंटे में हत्या के मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। हत्या में उपयोग किए हथियार को भी बरामद किया है। सोमवार रात को कलवार घाट के पास अनिल (25) पुत्र विक्रम कर्मा निवासी ट्यूबवेलपुरा घायलवस्था में मिला था। इलाज के लिए इंदौर ले जाते वक्त रास्ते में अनिल की मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने 48 घंटे में आरोपितों को गिरफ्तार किया। गुरुवार को एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि घटना वाले दिन अनिल की बाइक के पास बोलेरो देखी गई थी। बोलेरो की जानकारी जुटाई व अनिल की कॉल डिटेल निकलवाई। संदिग्ध दीपक हिम्मत सिंह राजपूत निवासी ग्राम ट्यूबवेलपुरा, सुमेर उर्फ सोनू श्याम राजपूत निवासी बायपास रोड कन्नौद और विशाल राम सिंह राजपूत निवासी बायपास आष्टा रोड कन्नौद को हिरासत में लिया। पूछताछ में तीनों ने हत्या करना स्वीकार किया। आरोपितों ने बताया कि अनिल का दीपक की बहन से प्रेम-प्रसंग था। 17 जुलाई को दोपहर में आरोपित दीपक ने अनिल को फोन कर साईं मंदिर तिराहा कन्नौद पर बुलाया। आरोपित दीपक उसके चाचा के लड़के सुमेर उर्फ सोनू व विशाल बोलेरो से अनिल से मिलने साईं मंदिर तिराहा गए।

# छात्रा को सर्प ने डसा, कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में झाड़फूंक, अस्पताल प्रशासन बोला –जानकारी नहीं

**अनूपपुर।** गुरुवार सुबह एक स्कूली छात्रा जैसे ही कक्षा का दरवाजा खोली ऊपर से एक के सांप गिरा और उसके पैर में लिपट गया। छात्रा को अस्पताल लाया गया इलाज के दौरान सर्पदंश से बचाव के लिए झाड़-फूंक का सहारा लिया गया खुलेआम अस्पताल में अन्य मरीजों के सामने एक व्यक्ति काफी देर तक झाड़-फूंक करता रहा लेकिन अस्पताल में डाक्टर और स्टाप के स्वास्थ्य कर्मचारी यह सब देखते रहे और किसी तरह का कोई विरोध नहीं जताया गया। अस्पताल के अंदर सर्पदंश पीड़ित स्कूली छात्रा का यह मामला कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का है। छात्रा का उपचार किया जा रहा है और जिम्मेदार झाड़-फूंक की जानकारी से पूरी तरह अनजान खुद को बता रहे हैं। हाई स्कूल बाड़ी खार में छात्रा प्रार्थना पिता कमलेश केवट आठवीं कक्षा की छात्रा है। गुरुवार सुबह 10 बजे अपने कक्ष का दरवाजा खोली तो दरवाजे



के ऊपर बैठा सर्प नीचे छात्रा के पैरों के पास गिरा और लिपट गया। इसके बाद इस कौतूहल का माहौल निर्मित हो गया। विद्यालय के शिक्षक छात्रा को लेकर कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और पूरी जानकारी डाक्टर को दी। इसी दौरान छात्रा के स्वजन भी अस्पताल आ गए। जनरल वार्ड में छात्रा को भर्ती कराया गया था कुछ समय बाद एक ओझा पहुंचा और झाड़-फूंक शुरू कर दी। सांप के काटे स्थान पर ओझा ने मुंह से चूस कर जहर निकालने का अंधविश्वासी खेल शुरू कर दिया यह सब काफी देर तक चलता रहा। अस्पताल के कर्मचारी भी तमाशबीन की तरह यह सारा दृश्य लेकिन कुछ विरोध नहीं किया। उक्त घटना क्रम का एक वीडियो अस्पताल में मौजूद एक व्यक्ति ने बना लिया जो वायरल कर दिया गया। पदस्थ डाक्टर ,नर्स, कर्मचारी झाड़-फूंक करने वाले व्यक्ति को जहर निकालते हुए देखते रहे। अंधविश्वास का यह खेल सरकारी अस्पताल में चलता रहा लेकिन ना तो अस्पताल प्रशासन ने ओझा को झाड़-फूंक करने से रोका और ना ही बच्ची के स्वजनों ने। कोतमा अस्पताल एक स्कूली छात्रा को लाया गया था लेकिन कब झाड़ फूंक की इसकी जानकारी अस्पताल कर्मचारियों को नहीं है। यह मरीज के घरवालों का निजी मामला रहा लेकिन हम लोगों को सीख देंगे की ऐसा नहीं करना चाहिए। इलाज पर भरोसा रखें।

## बीना के पास RKMP-निजामुद्दीन वंदे भारत ट्रेन में आग लगी, यात्रा कर रहे थे कई VIP, सभी सेफ

भोपाल

रानी कमलापति से निजामुद्दीन जा रही वंदे भारत ट्रेन के ष्ट-14 कोच में सोमवार सुबह आग लग गई। आग कोच के नीचे लगे बैटरी बॉक्स में लगी थी। बीना रेलवे स्टेशन से पहले ट्रेन को रोका गया। सभी पैसेंजर्स को सुरक्षित निकाला गया। फायर ब्रिगेड और रेलवे की टीम 58 मिनट में आग पर काबू पा सकी। इस कारण सवा तीन घंटे की देरी से ट्रेन रवाना हुई।

20171 वंदे भारत ट्रेन सोमवार सुबह 5.40 बजे रानी कमलापति (RKMP) से रवाना हुई। कल्हार रेलवे स्टेशन से गुजरते समय ट्रेन से धुआं उठता देखा गया। गार्ड के कहने पर लोको पायलट ने बीना रेलवे स्टेशन से पहले कुरवाई केथोरा में ट्रेन खड़ी कर दी। इस समय सुबह के 7.10 बज रहे थे। फायर ब्रिगेड को पहले ही सूचना दे दी गई थी।

C-14 कोच में 36 यात्री थे। टीम ने सुबह 7.58 बजे आग बुझा ली। इसके बाद कोच से बैटरी बॉक्स को अलग किया गया। C-14 की इलेक्ट्रिक सप्लाई बंद कर दी गई। इसके पैसेंजर्स को C-2 में शिफ्ट कर ट्रेन को सुबह 10.19 पर रवाना किया गया। इस बीच ट्रेन में ही पैसेंजर्स को फूड सप्लाई किया गया।


# चुनाव में लगे अधिकारी-कर्मचारियों का डाटा ऑनलाइन होगा, दो दिन में डाटा नहीं भेजा तो जुलाई का वेतन नहीं मिलेगा

भोपाल

चुनाव कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों का डाटा ऑनलाइन होगा। उन्होंने दो दिन में डाटा नहीं भेजा तो उन्हें जुलाई का वेतन नहीं मिलेगा। इस संबंध में सोमवार को भोपाल कलेक्टर आशीष सिंह ने आदेश जारी किए।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सिंह ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि चुनाव कार्य के लिए जिले में विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी का डाटा ऑनलाइन भेजे और उसकी हार्ड कॉपी एनआईसी में जमा कराए। यदि दो दिन में डाटा फ्रीज नहीं





विभागाध्यक्ष/विभाग प्रमुख

जिला-भोपाल

विषय:- विधानसभा निर्वाचन 2023 संपन्न कराये जाने अधिकारियों/कर्मचारियों का डाटा आनलाइन दर्ज किये जाने बाबत्।

संदर्भ:- इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 760/सा.निर्वा./वि.स.निर्वा./मा.श/2023 दिनांक 02.06.2023

विषयान्तर्गत कार्यालयीन पत्र क्रमांक 760/सा.निर्वा./वि.स.निर्वा./मा.श/2023 दिनांक 02.06.2023 का अवलोकन करें, सन्दर्भित पत्र द्वारा आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023संपन्न कराये जाने हेतु सभी विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों का डाटा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार ऑन लाईन दर्ज किया जाने निर्देश दिये गये थे।

उक्त निर्देशों के पालन में कुल 503 विभाग में से आज दिनांक तक मात्र 209 विभागों द्वारा ऑन लाईन डाटा दर्ज किया जाकर डाटा की सॉफ्टकॉपी/हार्ड कॉपी एनआईसी में प्रस्तुत किया गया है। 294 विभागों ने अभी तक प्रस्तुत नहीं किया गया है। 294 विभागों में आपका विभाग भी सम्मिलित है।

अतः आप दो दिवस के भीतर अपने विभाग का डाटा ऑन लाईन दर्ज कर हार्ड कॉपी एनआईसी भोपाल में जमा करावें। आपके विभाग का डाटा फीज न होने की स्थिति में कार्यवाही हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश को अवगत कराया जावेगा।

कलेक्टर
एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
जिला- भोपाल

पृष्ठांकन क्रमांक/1155/सा.निर्वा./वि.स.निर्वा./मा.श/2023
भोपाल दिनांक 19.07.2023

कराया तो जुलाई माह का वेतन आहरण नहीं हो सकेगा। इसके लिए जिला कोषालय को भी निर्देश दिए गए हैं।

सभी विभागों को जुलाई माह का वेतन आहरण करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर भोपाल से अनुमति लेना आवश्यक होगा। इसके बाद ही वेतन संबंधित प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

### राज्यपाल सम्मान से सैनिक कल्याण के लिए बड़ी राशि देने वाले हुए सम्मानित

# झंडा दिवस पर दान राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता का प्रदर्शन: राज्यपाल पटेल

भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि झंडा दिवस पर दान, राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता का प्रदर्शन है। कभी संपन्न और समृद्ध लोग राष्ट्र की रक्षा के लिए जीवन समर्पित करने वाले सैनिकों, उनके परिजनों के सहयोग के लिए आगे आएं। अमृत काल में भारत माता के लाड़ले बहादुर बेटों और बेटियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता झंडा दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक राशि का दान देकर प्रदर्शित करें। मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैस, जनरल ऑफिसर कमांड हेडक्कार्टर मध्य भारत एरिया जबलपुर लेफ्टिनेंट जनरल एम.के. दास, अपर मुख्य सचिव राजेश राजौरा, राज्यपाल के प्रमुख सचिव डी.पी. आहूजा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

राज्यपाल पटेल राजभवन में समामेलित विशेष निधि राज्य प्रबंधन समिति की 22वीं वार्षिक बैठक के बाद समिति के पदाधिकारियों, सैनिक कल्याण के अधिकारियों और दानदाताओं को संबोधित कर रहे थे। समामेलित विशेष निधि में 1 लाख रुपए से अधिक राशि का दान देने वाले 14 व्यक्तिगत और संस्थागत दान दाताओं एवं 3 संभागों के आयुक्त और 36 जिलों के कलेक्टरों को राज्यपाल के सम्मान से सम्मानित किया गया।



राज्यपाल पटेल ने कहा कि गत वर्ष जन-सहयोग से 3 करोड़ 24 लाख 64 हज़ार से अधिक राशि का संग्रहण उल्लेखनीय उपलब्धि है। उन्होंने वेब पोर्टल द्वारा क्यू.आर. कोड के माध्यम से राशि प्राप्त किए जाने के मध्यप्रदेश सैनिक कल्याण बोर्ड के प्रयासों की सराहना की। आशा व्यक्त की कि क्यू.आर. कोड से राशि ट्रांसफर होने की सुविधा बड़ी संख्या में दानदाताओं को निधि में दान देने में सक्षम बनाएगी। छोटी से छोटी राशि के भी दान सुगमता से दिए जा सकेंगे। राज्यपाल ने कार्यक्रम में उपस्थित संभागायुक्त नर्मदापुरम श्रीमन शुक्ला, कलेक्टर भोपाल आशीष सिंह और रायसेन कलेक्टर अरविंद दुबे को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिन्ह प्रदान किए। स्वागत उद्बोधन और आभार प्रदर्शन संचालक सैनिक कल्याण ब्रिगेडियर अरुण नायर ने किया। संचालन कमांडर उदय सिंह ने किया।

शीला बालकृष्ण देशमुख इंदौर ने राशि 5 लाख रुपए, निर्मला शर्मा भोपाल ने राशि 3 लाख रुपए, क्षेत्रीय प्रबन्धक सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया सागर 1 लाख 59 हज़ार 851 रुपए, अजीत समदड़िया रीवा 1 लाख 50 हज़ार रुपए, अंजना सूरी रीवा 1 लाख 11 हज़ार रुपए, क्षेत्रीय महाप्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक भोपाल वृत्त 1 लाख 11 हज़ार रुपए, राकेश अग्रवाल उज्जैन 1 लाख 1 हज़ार रुपए, वल्लभ भाई पटेल इंदौर ने 1 लाख 1 हज़ार रुपए, कमला तिवारी छिंदवाड़ा ने 1 लाख रुपए, निर्मला विद्या प्रसाद वर्मा इंदौर ने राशि 1 लाख रुपए, सुनील सिंह रीवा ने 1 लाख रुपए, मैनेजिंग डायरेक्टर, जे. पी. थर्मल पॉवर प्लांट बीना ने 1 लाख रुपए, प्रबन्धक (एच आर) भारत-ओमान रिफाइनरी आगासोद बीना ने 1 लाख रुपए और अध्यक्ष मध्यप्रदेश भूतपूर्व सैनिक कल्याण समिति की 1 करोड़ रुपए की सहयोग राशि निधि में प्राप्त हुई।

## स्वास्थ्य से जुड़े सवालों के उत्तर अब युवाओं की उँगलियों पर, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी

**भोपाल।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा है कि स्वास्थ्य से जुड़े सवालों के उत्तर युवाओं की उँगलियों पर होंगे। प्रदेश में नवाचार के तौर पर जस्ट आस्क/खुलके पूछो चैटबॉट शुरू हो गया है। ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आधारित चैटबॉट से युवा उनके मन में उठने वाले प्रश्नों का उत्तर पा सकेंगे। चैटबॉट का उपयोग करना बहुत सरल है। बच्चों के मन में चलने वाले विचारों और सवालों का समाधान चैटबॉट देगा। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि प्रदेश स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार उन्नति कर रहा है। स्वास्थ्य संस्थाओं में आधुनिक और उन्नत सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह भी एक संयोग है कि ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आधारित देश का पहला चैटबॉट प्रदेश में शुरू हो रहा है। उन्होंने चैटबॉट को विकसित करने और इस नवाचार को प्रदेश में शुरू करने के लिये संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष का आभार माना। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की भारत प्रतिनिधि और भूटान की कंट्री डायरेक्टर सुश्री एंड्रिया एम. वोज्नार के साथ चैटबॉट का अनावरण किया। यूएनएफपीए की भारत प्रतिनिधि एवं भूटान की कंट्री डायरेक्टर सुश्री वोज्नार ने कहा कि युवाओं और व्यक्तियों को सुरक्षित स्थानों की आवश्यकता होती है, जहाँ से वे सही और विश्वसनीय जानकारी प्राप्त कर सकें।

## 40 शॉट में 34 का स्कोर कर पृथ्वीराज तीसरे स्थान पर रहे

# शॉटगन शूटिंग वर्ल्ड कप में भारत को ब्रॉन्ज मेडल

# पृथ्वीराज टोंडिमन ने मेंस ट्रैप इवेंट में दिलाई सफलता

**लोनाटो**

इटली के लोनाटो में रविवार को समाप्त हुई शॉर्टगन वर्ल्ड कप में भारत ने एक ब्रॉन्ज जीता। ये मेडल पृथ्वीराज टोंडिमन ने पुरुषों के ट्रैप इवेंट में दिलाया।

पृथ्वीराज ने रविवार को ट्रैप इवेंट में भारत के लिए ब्रॉन्ज मेडल जीता। पृथ्वीराज का यह इस साल का दूसरा मेडल है। इससे पहले उन्होंने दोहा में हुए शॉटगन वर्ल्ड कप में ब्रॉन्ज मेडल जीता था।

रविवार को लोनाटो में हुए ट्रैप इवेंट में 40 शॉट में 34 का स्कोर कर पृथ्वीराज तीसरे स्थान पर रहे। ग्रेट ब्रिटेन के नाथन हेल्स ने 50 शॉट में से 49 का सकोर कर गोल्ड और चीन के क्यूई यिंग ने 48 टारगेट के साथ सिल्वर मेडल अपने नाम किया।

पृथ्वीराज ने क्वॉलिफिकिशन राउंड में 122 स्कोर के साथ टॉप-6 में रहकर फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। वहीं तीन एलिमिनेशन राउंड में बने रहकर उन्होंने ब्रॉन्ज हासिल किया। पहले राउंड में 25 टारगेट में से 21 स्कोर कर मेडल के लिए उम्मीदों को कायम रखा। इस राउंड में ब्रिटेन के आरोन 20 स्कोर कर बाहर हो गए। अगले राउंड में 30 शॉट में से 25 स्कोर तक पृथ्वीराज ने मेडल के दावेदारों में अपने को शामिल रखा। तुर्की के टोल्गा ट्यूनसर 24 स्कोर कर चौथे स्थान पर रहे।



## कार्लोस अल्कारेज विम्बलडन के नए चैम्पियन, वर्ल्ड नंबर-1 खिलाड़ी ने नोवाक जोकोविच को हराया

**लंदन।** टेनिस जगत को नया सितारा मिला। 20 साल के कार्लोस अल्कारेज ने रविवार देर रात विम्बलडन मेंस सिंगल्स फाइनल का खिताब जीता। उन्होंने 36 साल के नोवाक जोकोविच को 4 घंटे 42 मिनट तक चले मुकाबले में कड़ी मशक्कत के बाद 1-6, 7-6, 6-1, 3-6, 4-6 से हराया। सर्बिया के जोकोविच 10 साल बाद विम्बलडन फाइनल हारे, वह 4 बार से लगातार खिताब जीत रहे थे। उन्हें आखिरी बार 2013 में ग्रेट ब्रिटेन के एंडी मरे ने फाइनल में हराया था। वर्ल्ड नंबर-1 अल्कारेज ने वर्ल्ड नंबर-2 जोकोविच के लगातार 34 जीत के सिलसिले को भी तोड़ा। स्पेनिश युवा अल्कारेज का यह पहला विम्बलडन खिताब है, वह चैम्पियनशिप में अपना 12वां मैच ही खेल रहे थे। टेनिस में यह उनका दूसरा ग्रैंड स्लैम है, उन्होंने पिछले साल स- ओपन जीता था।

## राहुल द्रविड़ आयरलैंड दौरे पर नहीं जाएंगे, लक्ष्मण कोच होंगे

भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ को आयरलैंड दौरे से आराम दिया जाएगा। द्रविड़ के साथ बैटिंग और बॉलिंग कोच भी आयरलैंड नहीं जाएंगे। इनकी जगह हृष्ट मेंबर्स टीम इंडिया के साथ कोचिंग स्टाफ के रूप में रहेंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, वीवीएस लक्ष्मण आयरलैंड दौरे पर हेड कोच रहेंगे। आयरलैंड दौरा 18 अगस्त से शुरू होगा। टीम इंडिया यहां 3 टी-20 मैच खेलेगी। माना जा रहा है कि हार्दिक पंड्या को ही यहां कप्तानी दी जाएगी। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा जैसे सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया जाएगा। राहुल द्रविड़ के साथ बैटिंग कोच विक्रम राठौर और बॉलिंग कोच पारस महाम्ब्रे भी आयरलैंड नहीं जाएंगे। तीनों 13 अगस्त को वेस्टइंडीज और अमेरिका का दौरा खत्म होने के बाद सीधे भारत आएंगे। मौजूदा कोचिंग स्टाफ को एशिया कप, ऑस्ट्रेलिया से वनडे सीरीज और सबसे अहम वनडे वर्ल्ड कप की तैयारी के लिए ब्रेक दिया जा रहा है।

# पहला टेस्ट-श्रीलंका पहली पारी में 312 रन पर ऑलआउट



**पाकिस्तानी**

पाकिस्तानी टीम गॉल टेस्ट में श्रीलंका के खिलाफ 91 रनों से पिछड़ रही है। टीम ने दूसरे दिन स्टंप्स तक 221 रन के स्कोर पर 5 विकेट गंवा दिए हैं। सोमवार को साउथ शकील 69 और अगा सलमान 61 रनों पर नाबाद लौटे। इससे पहले, श्रीलंका की पहली पारी 312 पर समाप्त हो गई। श्रीलंकाई पारी में नंबर-6 के बल्लेबाज धनंजय डी सिल्वा ने टेस्ट करियर का 10वां शतक जमाया। उन्होंने 214 बॉल पर 122 रन की पारी खेली, 64 रन के स्कोर पर खेलने उतरे एंजेलो मैथ्यूज आज कोई रन नहीं बना सके और अबरार अहमद की बॉल पर विकेटकीपर सरफराज अहमद को कैच दे बैठे। पाकिस्तान की ओर से तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह और अबरार खान ने 3-3 विकेट हासिल किए। अगा सलमान को एक सफलता मिली। पहली पारी में खेलने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 73 पर चार विकेट गंवा दिए थे। ऐसे में साउद शकील ने छठा अर्धशतक जमाया, जबकि अगा सलमान ने चौथी फिफ्टी जमाई।

## विमेंस ऐशेज...रोमांचक मुकाबले में 3 रन से जीता ऑस्ट्रेलिया

**साउथैम्पटन।** विमेंस ऐशेज के रोमांचक वनडे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 3 रन से हरा दिया। इसी के साथ 3 मैचों की वनडे सीरीज 1-1 से बराबर हो गई। पहला वनडे इंग्लैंड ने जीता था, तीसरा मुकाबला 18 जुलाई को टॉन्टन में खेला जाएगा। रविवार को साउथैम्पटन में हुए दूसरे वनडे में इंग्लैंड को आखिरी ओवर में 15 रन की जरूरत थी। सेंचुरी बना चुकीं नैटली सीवर-ब्रंट ने 5 गेंद पर 10 रन बना लिए। आखिरी गेंद पर 5 रन चाहिए थे, ब्रंट ने मिड-विकेट की दिशा में स्लॉग स्वीप खेला, लेकिन बाउंड्री पर फील्डर ने गेंद पकड़ ली।

# अर्थ बाजार

## बाजार भाव

**किराना :-** शक्कर 3720-3750, खोपरा गोला 100-115, खोपरा बूरा 1900-3500 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 520-525, ऊंझा हल्का 550-575, मीडियम 580-585, बेस्ट 620-625, हल्दी निजामाबाद 120-140, सांगली 175-180, साबूदाना हल्का 6600-6700, मीडियम 6750-6850, बेस्ट 7450-7500, वर लक्ष्मी 7500, सौंफ मोटी 230-240, मीडियम 265-385, बेस्ट 305-350, सौंफ बारि?क 190-225, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 520-522, गरबल 511-515, मटर दाना 565-575, खसखस अनक्लीन 675-950, क्लीन 1150-1350, दालचीनी 250-275, बेस्ट 300, जायफल 675-725, वाद्यान फूल 675-750, शाहजीरा 300-325, तेजपान 85-90, पत्थर फूल 325-375, बेस्ट 450-525, जावत्री 2000-2050, केसर 125-145, बेस्ट 155-165, सौंठ 190-225, धोली मूसली 975-1100, लौंग 680-710, बेस्ट 725-740, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-182, सिंदूर 6600, देशी कपूर 600-800, पूजा बादाम 90-100, बेस्ट 160-165, पूजा सुपारी 460-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 875-900, विरूद्ध नगर 1025-1075, मीडियम 1225-1325, बोल्ड 1425-1550, एक्ट्रा बोल्ड 1600-1825, पानबार 850-950, बड़ी इलायची 600-700, बेस्ट 725-875, तरबूज मगज 525-550, काजू (240) 650-660, काजू (320) 660-700, काजू डब्ल्यू वन 650-660, एस. डब्ल्यू (300) 650-660, एस.एस. डब्ल्यू 650-655, काजू जे.एच. 660-680, टुकड़ी 625-660, बादाम मगज 725-750, एवरेज 675-700, सिंगापुरी 690-700, अखरोट 385-425, बेस्ट 550-600, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 375-475, बेस्ट 500-550, इंडियन 190-200, बेस्ट 240-260, चारौली 1200, बेस्ट 1250, मुनक्का 475-725, बेस्ट 775-850, अंजीर 675-1250, मखाना 425-650, बेस्ट 740-750, खारक 90-110, मीडियम 115-150, बेस्ट 160-175, एक्ट्रा बेस्ट 180-200, पिस्ता मोटा 1675-1725, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1350-1360, मैदा कट्टा 1360-1370, रवा कट्टा 1400-1410, बेसन 3350 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 1450-1500, (160) 1600-1650, (200) 1650-1700, (250) 1750-1800

**तेल :-** सींगदाना 1700-1720, मुम्बई 1700, राजकोट तेलिया 2690, सोया साल्वेंट 915-920, सोया रिफाइंड 955-960, कपास्या 910, धूलिया 905, कड़ी 910,

**तिलहन :-** सरसो 6100-6300, रायडा 4700-4900, सोयाबीन 4800-5000, टोली (महुआ बीज) 4100-4150, अलसी 7500-7600,

**दलहन :-** चना कांटेवाला बेस्ट 5150-5175, एवरेज 4900-4950,

### CEO ने कहा- बड़ी संख्या में आवेदन जॉब मार्केट की खराब स्थिति को बता रहा

# स्टार्टअप कंपनी को 48 घंटे में मिले 3,000 जॉब एप्लीकेशन

**नई दिल्ली**

स्प्रिंगवर्क्स नाम के एक सॉफ्टवेयर स्टार्ट-अप को जॉब पाने के लिए 48 घंटों में 3,000 से ज्यादा ऑनलाइन एप्लीकेशन मिली हैं। स्टार्ट-अप के फाउंडर और CEO कार्तिक मैंडाविल ने बताया कि उन्हें कंपनी की वेबसाइट पर नौकरी पोस्टिंग के अलग-अलग पदों के लिए 13,000 से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए हैं। मैंडाविल ने ट्विटर पर एक अपडेट शेयर किया और कहा कि बड़ी संख्या में आवेदन जॉब मार्केट की वर्तमान खराब स्थिति को दर्शाते हैं। इस पोस्ट को कुछ ही घंटों में 1.7 लाख बार देखा गया।

कुछ ही घंटों में कंपनी को प्राप्त आवेदनों के आंकड़े को शेयर करते हुए CEO मैंडाविल ने बताया कि उनकी कंपनी ने किसी भी प्लेटफॉर्म पर जॉब के लिए विज्ञापन




नहीं दिया था। यह केवल हमारी वेबसाइट पर अवेलेबल है। ट्विटर पर एक यूजर ने खाली पदों के रोल (भूमिकाओं) के बारे में पूछा जिस पर मंडाविले ने बताया कि कंपनी में प्रोडक्ट, फाउंडर्स ऑफिस और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट इंजीनियर्स के पद खाली हैं। जिनके लिए रिमोट काम करने वाले लोगों की जरूरत है।

इसके बाद ट्विट के रिप्लाई में बड़ी संख्या में यूजर्स ने अपनी प्रतिक्रियाएं दीं। एक यूजर ने कहा, मुख्य रूप से आपकी सूची में प्रत्येक जॉब ऑप्शन के आगे रिमोट शब्द के कारण संख्या बढ़ती है। मैं सोच रहा हूं कि यदि यह ऑन-साइट पोस्ट होती तो संख्या क्या होती। एक अन्य ने ट्वीट किया, बेरोजगारी चरम पर है, युवा नौकरी के लिए परेशान हैं, भले ही इसका कॉलेज में पढ़ी गईं चीजों से कोई लेना-देना नहीं हो।

कंपनी की वेबसाइट के अनुसार, CEO मैंडाविले ने अमेरिका में कार्नेगी मेलन यूनिवर्सिटी से मशीन लर्निंग में पोस्ट ग्रेजुएशन किया है। उन्होंने 6 साल की उम्र में कोडिंग शुरू कर दी थी और स्प्रिंगवर्क्स को 2014 में स्थापित किया था।

कोरोना महामारी के दौरान के उच्चतम स्तर के बाद से बेरोजगारी दर में तेजी से गिरावट आई थी। एलपीआर की एक रिपोर्ट के अनुसार मार्च-अप्रैल 2023 ग्रामीण की तुलना में शहरी बेरोजगारी दर अधिक है। जो लेबर पार्टिसिपेशन रेट में बढ़ोतरी को बताता है।

CMIE (सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी) की एक रिपोर्ट के अनुसार, लेबर पार्टिसिपेशन रेट (LPR) में वृद्धि के कारण भारत की बेरोजगारी दर मार्च 2023 में 7.8त्न से बढ़कर अप्रैल में 8.11% हो गई, जो पिछले तीन वर्षों में सबसे अधिक रही है।

हाल ही में जारी CMIE आंकड़ों के अनुसार, लेबर पार्टिसिपेशन रेट मार्च में 39.77% से बढ़कर 41.98% हो गई, जो कि 2.55 करोड़ लोगों की वृद्धि थी, जिससे अप्रैल में देश में कुल लेबर फोर्स 46.76 करोड़ हो गई।

## भारत के साथ UPI डील करेगा इंडोनेशिया

**नई दिल्ली।** लोकल करेंसी को बढ़ावा देने के लिए फ्रांस और UAE के साथ रियल-टाइम पेमेंट मैकेनिज्म और लोकल करेंसी ट्रेड डील साइन करने के बाद भारत अब इंडोनेशिया के साथ ऐसी ही एक डील करने की तैयारी कर रहा है। दोनों देशों के वित्त मंत्रियों के बीच रविवार को हुई मीटिंग के बाद यह जानकारी मिली है।

# भारत के साथ UPI डील करेगा इंडोनेशिया

**नई दिल्ली**

लोकल करेंसी को बढ़ावा देने के लिए फ्रांस और UAE के साथ रियल-टाइम पेमेंट मैकेनिज्म और लोकल करेंसी ट्रेड डील साइन करने के बाद भारत अब इंडोनेशिया के साथ ऐसी ही एक डील करने की तैयारी कर रहा है। दोनों देशों के वित्त मंत्रियों के बीच रविवार को हुई मीटिंग के बाद यह जानकारी मिली है। रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार दोनों देशों के बीच डिजिटल पेमेंट की लिमिट बढ़ाने पर भी विचार कर रही है, जिससे UPI और इसी तरह के अन्य पेमेंट मैकेनिज्म के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। मीटिंग में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ बातचीत के दौरान इंडोनेशियाई वित्त मंत्री मुल्यानी इंद्रावती ने कहा, दोनों देश डिजिटल टेक्नोलॉजी, सेंट्रल बैंकों के तहत पेमेंट मेकेनिज्म और लोकल करेंसी के उपयोग में सहयोग की संभावना पर चर्चा करेंगे।

अधिकारियों के मुताबिक, मुद्रा व्यवस्था संभवत: संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के समान होगी। जिसका मतलब है कि भारतीय निर्यातक इंडोनेशियाई रुपए (rupi-ah) में अपना व्यापार निपटा सकते हैं, जबकि दूसरा पक्ष (इंडोनेशियाई व्यापारी) भारतीय रुपए में अपना पाम ऑयल व अन्य व्यापार कर सकेंगे।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)